दैनिक

संस्करणः टोंक, जयपुर, अलवर एवं कोटा

# बढ़ता राजस्थान

• Since : 2004 /// कदम बढ़ाये, सच के साथ ///

वर्ष : 13 | अंक : 11 टोंक | बुधवार,13 अगस्त, 2025 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-चतुर्थी संवत्-2082 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | RNI NO. RAJHIN/2013/52026 | मूल्य : ₹ 2.00 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# देवली में स्मार्ट मीटर का सफल परीक्षण, पुराने मीटर जैसी ही रीडिंग

**पुराने मीटर के साथ स्मार्ट मीटर को 15 दिन तक लगाकर चेक किया रीडिंग में एक यूनिट का भी अंतर नहीं आया**

## देवली में स्मार्ट मीटर को लेकर भ्रांतियां दूर हुई

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** स्मार्ट मीटर को लेकर पूरे प्रदेश भर में बिजली उपभोक्ता और लोगों के बीच अधिक रीडिंग निकालने की भ्रांतियां बनी हुई है। इसी के चलते विद्युत विभाग के अधिकारियों ने देवली शहर के वार्ड नंबर 5 खटीक मोहल्ला में रहने वाले विद्युत उपभोक्ता बालूराम भूरालाल के यहां पुराने मीटर के साथ स्मार्ट मीटर 15 दिनों तक स्थापित करके दोनों मीटर का प्रशिक्षण किया ऐसे 12 अगस्त मंगलवार को 14 दिन बीत जाने के बाद विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उपभोक्ता बालूराम भूरालाल के घर पर लगाए गए पुराने मीटर और स्मार्ट मीटर,,दोनों मीटर की रीडिंग चेकिंग की तो वहां मौजूद सभी व्यक्तियों के सामने दोनों मीटर की रीडिंग एक समान सामने आई। तो वहीं प्रदेश भर में स्मार्ट मीटर को लेकर बन रही भ्रांतियां के बीच यहां दोनों मीटर कि रीडिंग मे एक समानता पाई गई। जानकारी के अनुसार हुआ यह था कि 30 जुलाई 2025 को विद्युत विभाग के कर्मचारी स्मार्ट मीटर लगाने के लिए वार्ड नंबर 5 के उपभोक्ताओं के घरों पर पहुंचे इस दौरान विद्युत कर्मचारी यहां घरों में लग हुए पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगा रहे थे। उक्त दौरान यहां विद्युत विद्युत कर्मचारियों को लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा।ऐसे में स्मार्ट मीटर को लेकर कई तरह की भ्रांतियां यहा लोगों के बीच बनी हुई थी। ऐसे में विवाद उत्पन्न ना हो इस बीच एक उपभोक्ता ने विभाग के अधिकारियों से राय मशवरा कर अनुरोध किया कि उसके घर पर लगे बिजली के पुराने मीटर के साथ स्मार्ट मीटर को एक सप्ताह तक लगाकर छोड़ दिया जाए। तो पुराने मीटर और स्मार्ट मीटर की समानता के,परिणाम में क्या अंतर आता है। यह है स्पष्ट हो जायेगा। इस पर देवली विद्युत विभाग के सहायक अभियंता दिनेश कुमार जैन ने उक्त उपभोक्ता की मांग और अनुरोध पर पुराने मीटर के साथ स्मार्ट मीटर 15 दिन तक लगाकर छोड़ दिया 30 जुलाई को उपभोक्ता के घर पर पुराने मीटर की रीडिंग 7306 इंद्राज की गई थी 15 दिन बाद उपभोक्ता के पुराने मी 7421 यूनिट पुराने मीटर में अंकित दिखाई दी। ऐसे में 14 दिनों के भीतर उपभोक्ता ने कुल 114 यूनिट बिजली का उपयोग किया वही पुरानी मीटर के साथ लगे हुए स्मार्ट मीटर में भी 114 यूनिट बिजली की खपत की रीडिंग निकलकर सामने आई।उल्लेखनीय की स्मार्ट मीटर को लेकर प्रदेश में चल रही अटकलें और भ्रांतियां के बीच जिस उपभोक्ता की यहां पुराने मीटर के साथ स्मार्ट मीटर को परीक्षण के लिए लगाया गया तब उस समय दर्जनों व्यक्ति मौके पर मौजूद रहे थे। और 15 दिन बाद वार्ड वासियों के बीच उक्त दोनों मीटर की रीडिंग चेकिंग की गई जिस पर दोनों मीटर की रीडिंग में कोई अंतर सामने नहीं आया । और वही पुराने मीटर और स्मार्ट मीटर में एक समानता दिखाई दी । देवली विद्युत विभाग के अधिकारी दिनेश कुमार जैन ने अपने शहर के उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के प्रति संतुष्ट करने के लिए उपभोक्ता की राय पर यह प्रशिक्षण कर दिखाया जिससे यह स्पष्ट हो गया कि स्मार्ट मीटर पूर्व में लगे विद्युत मीटर की भांति ही रीडिंग निकाल रहा है।

गौरतलब है कि प्रदेश भर में स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध किया जा रहा है। इसलिए की स्मार्ट मीटर से अधिक रीडिंग निकलने की भ्रांतियां उत्पन्न हो रही है। इसी को लेकर देवली शहर के उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के प्रति संतुष्ट करने के लिए एवं स्मार्ट मीटर में अधिक रीडिंग आने की भ्रांतियां को दूर करने के लिए उक्त अधिकारी ने यह प्रशिक्षण करके उपभोक्ताओं को विश्वास में लेने का सराहनीय कार्य किया है। जयपुर विद्युत वितरण निगम के सहायक अभियंता दिनेश कुमार जैन ने बताया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए बेहतरीन साबित होंगे इसलिए की स्मार्ट मीटर में कई तरह के फंक्शन दिए हुए हैं। स्मार्ट मीटर के इन फंक्शन के जरिए विद्युत सप्लाई में उपभोक्ता को क्या समस्या पैदा हो रही है इसका पता आसानी से वहीं के वहीं लगाया जा सकेगा। इस मौके पर कनिष्ठ अभियंता कनिष्ठ दीर्घांशु भुवालिया,डिवीजन इंचार्ज शाहरुख खान सुपरवाइजर हंसराज मेहरा,,नितिन नौलखा सहित कई लोग मौजूद रहे।



## सदर पुलिस थाने में जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज, तीन घायल, तीनों जयपुर रेफर



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** सदर थाना क्षेत्र के गांव रतनपुरा उर्फ रोहेडा में 10 अगस्त की रात को घर में घुसकर जानलेवा हमला करने का मामला सदर पुलिस थाने में दर्ज हुआ है। थानाधिकारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि जयनारायण पुत्र सुखलाल मीणा निवासी रतनपुरा उर्फ रोहेडा ने थाने में उपस्थित होकर मामला दर्ज करवाया है कि 10 अगस्त की रात करीब साढे 8 बजे सभी परिवारजन घर में खाना खाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान मूलचन्द, राजेश, गणेश, जंसी, मोहन, सणगारी, संतोष, नारायण, राकेश, रोशन, छोटू, हरी, धोली, सीमा, लछमा, देवीशंकर, जगदीश, मदन, प्रहलाद, मनीष, लाली, छोटी, मोहरी, ग्यारसा, प्रताप, लाली, प्रभाती व बाबू निवासी रतनपुरा ने एकराय होकर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। जिसके दौरान परिवादी जान लेवा हमला करने का मामला सहित तोफान, दिलखुश, कमला देवी, खेलन्ता, अनिल, राजन्ति, रूपनारायण व हेमराज बीच बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। हमले में तोफान, दिलखुश व कमला गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उप जिला अस्पताल निवाई में उपचार के लिए भर्ती करवाया। जहां से सभी घायलों को जयपुर एसएमएस अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। उन्होंने बताया कि आरोपी दो ट्रैक्टरों में सवार होकर आए थे। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पीड़ित जयनारायण मीणा ने बताया कि आरोपी 18 जुलाई की रात को भी हमला करने आए थे। इस मामले में भी एफआईआर दर्ज करवाई गई थी। थानाधिकारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि मामले तफ्तीश सहायक रूपसिंह गुर्जर के सुपुर्द की गई है।

**विशाल तिरंगा यात्रा कल,**

## 101 फीट लंबे हाईमास्ट तिरंगे का होगा लोकार्पण व ध्वजारोहण

**पूर्व स्वतंत्रता सेनानियों व वृद्धजनों का करेंगे सम्मान**

निवाई।

भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में 14 अगस्त को सुबह 10 बजे विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा ने बताया कि आजादी के 78वें अमृत महोत्सव को लेकर हर घर तिरंगा के तहत विधायक रामसहाय वर्मा, भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अलका गुर्जर, पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीरसिंह चौहान, रैली प्रभारी निलिमा आमेरा, रैली संयोजक ओमप्रकाश वर्मा, सह संयोजक रामकेश मीणा व नरेश कसाणा सहित भाजपा के कई वरिष्ठ जनों के सानिध्य में बुधवार को सुबह 10 बजे विशाल तिरंगा रैली यात्रा पुराने नगर पालिका के भवन से रवाना होगी। उन्होंने बताया कि तिरंगा रैली अहिंसा सर्किल, पुलिस थाना क्षेत्र, दामोदर कुण्ड, जमात, शिवाजी कॉलोनी होते हुए शिवाजी पार्क में पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि शिवाजी पार्क में बुधवार को सुबह 11 बजे 101 फीट लंबे हाईमास्ट तिरंगे का लोकार्पण करके ध्वजारोहण किया जाएगा। इसी प्रकार नगरपालिका के तत्वावधान में पूर्व स्वतंत्रता सेनानियों व वृद्धजनों का सम्मान किया जाएगा। इसी प्रकार नटवाड़ा मंडल अध्यक्ष बद्री विजय ने बताया कि आजादी के 78वें अमृत महोत्सव को लेकर हर घर तिरंगा के तहत विधायक रामसहाय वर्मा व वरिष्ठजनों के सानिध्य में बुधवार को शाम 3 बजे विशाल तिरंगा रैली का आयोजन होगा। जिसमें भाजपा के जिला पदाधिकारी, मण्डल पदाधिकारी, पार्षद, मोर्चा अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी, शक्ति केन्द्र प्रभारी, संयोजक, बूथ अध्यक्ष व पार्टी के वरिष्ठ व श्रेष्ठ कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में भाग लेंगे।

## आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर 15 अगस्त को विशाल तिरंगा यात्रा,

**राष्ट्रभक्ति महापर्व का होगा भव्य आयोजन**

**निवाई ( का.स. )।** रक्तांचल योग शिविर एवं प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र के तत्वावधान में आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर शहर में 15 अगस्त को विशाल तिरंगा यात्रा व राष्ट्रभक्ति महापर्व का भव्य आयोजन किया जाएगा। सर्वेश द्विवेदी ने बताया कि 15 अगस्त के पावन पर्व पर भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। तिरंगा यात्रा को शुक्रवार को प्रातः 5:30 बजे अहिंसा सर्किल से मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी तिरंगा दिखाकर रवाना करेंगे। तिरंगा यात्रा बडी के मंदिर होते हुए सर्राफा बाजार, बिलाला मार्केट,पुरानी सब्जी मंडी, चारभुजा मंदिर, बडा बाजार, पटेल रोड व बस स्टैंड होते हुए पुन: अहिंसा सर्किल पंहुचेगी। जहां सभी तिरंगा यात्रियों को लड्डू व मिठाई का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा में युवाओं द्वारा ध्वजारोहण, देशभक्ति गीत व मातृभूमि के प्रति प्रेमोल्लास सहित कई कार्यक्रमों को आयोजन किया जाएगा। तिरंगा यात्रा में युवा भगवा दुपट्टा पहनकर हाथ में तिरंगा झंडा लेकर चलेंगे। वही महिलाएं भी हरी साड़ी या लहरिया पहनकर हाथ में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता के सम्मान में एक स्वर में भारत माता के जयघोष के साथ यात्रा में शामिल होंगे। इसी प्रकार युवाओं सहित कई नन्हे-मुन्ने देशभक्त बालक बालिकाएं एक ड्रेस कोड में शामिल होंगे।

## फास्टैग को लेकर नया अपडेट, 15 अगस्त से होंगे बड़े बदलाव

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय की ओर से टोल बूथों पर फास्टैग को लेकर किए बदलाव का फायदा केवल निजी वाहन चालकों को मिलेगा। व्यावसायिक वाहन चालकों को इसका फायदा नहीं मिलेगा। ऐसे में योजना का निजी वाहन जैसे कार, जीप, वैन ही लाभ उठा सकेंगे। नए बदलाव के तहत 3 हजार रुपए की सालाना फीस पर फास्टैग का वार्षिक पास मिलेगा।

इसके तहत सालभर में नेशनल हाइवे के 200 टोल बूथ पार किए जा सकेंगे। यह बदलाव 15 अगस्त से लागू होगा। इस नए नियम से निजी वाहन मालिकों को राहत मिलेगी। यह वार्षिक फास्टैग पास महज तीन हजार रुपए में 200 बार गुजरने की सुविधा देगा। यह पास सिर्फ उसी गाड़ी के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। जिसके नाम पर पास लिया है। जिस वाहन पर पास एक्टिवेट किया है, उसके आगे के शीशे पर फास्टैग लगाना अनिवार्य है।

चंदलाई बरखेड़ा टोल के लाइजनिंग डायरेक्टर अरविंद गौत्तम ने बताया कि यह योजना उन निजी वाहन चालकों के लिए फायदेमंद होगी जो रोजाना या बार-बार टोल प्लाजा से गुजरते हैं। सालाना पास लेने पर उन्हें बार-बार शुल्क चुकाने की जरूरत नहीं होगी और वे निर्धारित सीमा तक बिना अतिरिक्त भुगतान के यात्रा कर सकेंगे।



**कहां और कैसे मिलेगा फास्टैग**

फास्टैग पास को एनएचएआई की वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए गाड़ी की जानकारी और दस्तावेज अपलोड करने होंगे। इसके बाद निर्धारित शुल्क जमाकर ऑनलाइन पेमेंट करने पर पास सक्रिय हो जाएगा। इसमें तीन हजार रुपए में 200 बार गुजरने की सीमा है। अभी तक जो सुविधा थी, उसमें वाहन मालिकों को हर राउंड पर भुगतान करना होता था। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। इसके बाद यदि वाहन 200 से अधिक बार गुजरता है तो सामान्य टोल दर के अनुसार भुगतान करना होगा।

**हर घर तिरंगा अभियान**

## पशुपालन विभाग की पदयात्रा रैली, गूंजे देशभक्ति के नारे



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत पशुपालन विभाग द्वारा मंगलवार को उत्साहपूर्ण पदयात्रा रैली का आयोजन किया गया। रैली में विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में पशुपालकों ने भाग लेकर आलनपुर सर्किल क्षेत्र में देशभक्ति का संदेश प्रसारित किया। रैली की शुरुआत राजकीय बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय से हुई, जिसका शुभारंभ जिला विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव गर्ग ने किया। तिरंगा थामे अधिकारियों और कर्मचारियों ने हर घर तिरंगा, भारत माता की जय, वंदे मातरम्, जय जवान जय किसान जैसे जोशीले नारों से पूरे मार्ग को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। रैली को रवाना करने से पूर्व तिरंगे पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहीदों के बलिदान को स्मरण करते हुए राष्ट्र के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर डॉ. विशाल अरोड़ा, डॉ. टी.सी. जैन, डॉ. ज्योति गुप्ता, रोहित कुमार गुप्ता, नीरज मीना, जगमोहन महावर, राधारमण उपाध्याय, ज्योति सोनी, शैफाली जैन, अवधेश चौधरी सहित अन्य कार्मिकों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## चिकित्सा दल आपके द्वार पहुंच कर नष्ट कर रहे मच्छरों के लार्वा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण और रोकथाम के लिए जिले में 4 अगस्त से 30 अगस्त तक चिकित्सा दल आपके द्वार अभियान संचालित किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि मानसून के दौरान और मानसून के पश्चात मच्छरों की संख्या में वृद्धि होने के कारण डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, स्क्रब टायफस के रोगियों की संख्या में बढोतरी होती है। अगस्त, सितम्बर, अक्टूबर और नवंबर माह में डेंगू के रोगियों की संख्या अधिक होती है। इसलिए इस अवधि में मच्छरों की ट्रांसमिशन शृंखला तोडना जरूरी है। इसके लिए अभियान चलाकर एंटी लार्वा तथा मच्छर रोधी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।



अभियान के तहत चिकित्सा विभाग द्वारा डोमेस्टिक ब्रीडिंग चैकर आशा, एएनएम व सीएचओ की सर्वे टीम व एमपीडब्ल्यू, पीएचएम व एलएचवी व अन्य सुपरवाइजरी स्टाफ द्वारा सुपरवाइजरी टीम घर-घर जाकर सोर्स रिडक्शन, एंटी लार्वल, एंटी एडल्ट व प्रचार प्रसार गतिविधियां कर रही है। बुखार के रोगियों की रक्त पट्टिकाएं बना कर नियमित मॉनिटरिंग कि जा रही है।

## गांव पराना से सिरस तक पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुआ सडक़ मार्ग

बढ़ता राजस्थान

**सिरस( का.स. )।** गांव पराना से सिरस तक सडक़ मार्ग पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे वाहन चालकों को आवागमन में दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। पूर्व उपसरपंच कैलाश प्रजापत, पूर्व जीएसएस अध्यक्ष श्यामलाल योगी, राकेश योगी, शिवजीलाल जाट, बजरंगलाल प्रजापतव शिवचरण योगी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव पराना से वजीराबाद गांव के पास सडक़ मार्ग पर पानी भरने से वाहनों का निकलना मुश्किल हो रहा है। तेज बरसात के बाद सडक़ पर हो रहे गहरे गढडों में पानी भरने से वाहनों का आवागमन ही बंद हो जाता है।

पानी की निकासी व सडक़ मरम्मत को लेकर पराना अटल सेवा केंद्र पर आयोजित शिविर का बहिष्कार कर ग्रामीणों ने धरने पर बैठकर सडक़ सुधरवाने की मांग की थी। प्रशासन ने मौके पर जाकर समस्या का अवलोकन कर सडक़ को शीघ्र ठीक करवाने का आश्वासन दिया था। ढाई महीने बाद भी सडक़ की हालत जैसी की जैसी बनी हुई है। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। गांव वजीराबाद से सिरस तक भी सडक़ कई जगह से टूटी हुई है। सडक़ पर जीकरा व पत्थर डालने से आवागमन ज्यादा बाधित हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव पराना से सिरस तक सडक़ पर नवीन डामरीकरण करवाने की मांग की है।



## सम्पादकीय

# आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश, आठ हफ्तों में आश्रय गृहों में डाला जाए

यह स्वागतयोग्य है कि सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी एनसीआर में आवारा कुत्तों की समस्याओं से पार पाने के लिए यह स्पष्ट आदेश दिया कि इन कुत्तों को आठ हफ्तों में आश्रय गृहों में डालने के साथ यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी ऐसे किसी अभियान में बाधा न खड़ी करे। देखना है कि दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम आदि के नगर निकाय इस आदेश का पालन किस तरह करते हैं?

यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि दिल्ली-एनसीआर के नगर निकाय अवारा कुत्तों को पकड़ने, उनकी नसबंदी और टीकाकरण करने में सक्षम ही नहीं। तथ्य यह भी है कि आवारा कुत्तों के लिए पर्याप्त संख्या में आश्रयस्थल ही नहीं। हैरानी है कि देश की राजधानी में भी उनके लिए कोई आश्रयस्थल नहीं। इसका मतलब है कि आवारा कुत्तों ने जो आतंक पैदा कर रखा है, उसकी कोई चिंता करने वाला नहीं था और शायद इसीलिए कुत्तों के काटने, उनके कारण दुर्घटनाएं होने, कुछ इलाकों में बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और कूरियर वालों के लिए आफत खड़ी होने के मामले सामने आते रहते हैं। आखिर हमारे नगर निकाय अपना कौन सा काम ढंग से कर पाते हैं?

यह अच्छा हुआ कि सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों की लगातार गंभीर होती समस्या का स्वतः संज्ञान लिया, लेकिन उसका आदेश केवल दिल्ली-एनसीआर के लिए ही क्यों? आवारा कुत्तों की जो समस्या दिल्ली-एनसीआर में है, वह तो करीब-करीब पूरे देश और खासकर नगरों, कस्बों में भी है। दिल्ली या फिर उससे सटे शहर ही देश नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट का आदेश पूरे देश के नगर निकायों पर लागू होना चाहिए। उचित होगा कि सभी राज्य सरकारें अपने नगर निकायों से कहें कि वे भी वही करें, जो दिल्ली-एनसीआर के नगर निकायों को करने को कहा गया है। केंद्र और राज्यों को मिलकर यह भी देखना होगा कि उन्होंने आवारा कुत्तों की नसबंदी और उनके टीकाकरण का जो काम गैर सरकारी संगठनों अथवा पशुप्रेमी संगठनों को सौंप रखा है, वे खानापूरी भर तो नहीं कर रहे हैं?

यदि वे सचेत-सक्रिय होते तो आवारा कुत्ते आतंक का पर्याय नहीं बन गए होते। उनके आतंक के बाद भी कुछ पशु प्रेमी लोग और संगठन पशु कल्याण संबंधी नियम-कानूनों को दुरुपयोग करते हैं। आवारा कुत्तों के काटने से होने वाली मौतों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। आवारा और खासकर काटने वाले कुत्तों की पकड़-धकड़ तो होनी ही चाहिए। आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान इस तरह नहीं होना चाहिए कि उनके खिलाफ किसी तरह की क्रूरता देखने को मिले। हमारी संस्कृति पशुओं-जानवरों के प्रति दया भाव का संदेश देती है। इस संदेश के बाद भी कुत्ते आवारा हों या पालतू, उन्हें मनुष्यों से अधिक महत्ता नहीं मिलनी चाहिए। यह स्वागतयोग्य है कि सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी एनसीआर में आवारा कुत्तों की समस्याओं से पार पाने के लिए यह स्पष्ट आदेश दिया कि इन कुत्तों को आठ हफ्तों में आश्रय गृहों में डालने के साथ यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी ऐसे किसी अभियान में बाधा न खड़ी करे। देखना है कि दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम आदि के नगर निकाय इस आदेश का पालन किस तरह करते हैं? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि दिल्ली-एनसीआर के नगर निकाय अवारा कुत्तों को पकड़ने, उनकी नसबंदी और टीकाकरण करने में सक्षम ही नहीं। तथ्य यह भी है कि आवारा कुत्तों के लिए पर्याप्त संख्या में आश्रयस्थल ही नहीं। हैरानी है कि देश की राजधानी में भी उनके लिए कोई आश्रयस्थल नहीं। इसका मतलब है कि आवारा कुत्तों ने जो आतंक पैदा कर रखा है, उसकी कोई चिंता करने वाला नहीं था और शायद इसीलिए कुत्तों के काटने, उनके कारण दुर्घटनाएं होने, कुछ इलाकों में बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और कूरियर वालों के लिए आफत खड़ी होने के मामले सामने आते रहते हैं। आखिर हमारे नगर निकाय अपना कौन सा काम ढंग से कर पाते हैं?

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 13 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- फ्रांस के शासक हेनरी चतुर्थ ने 1598 में नांत का प्रख्यात आदेश जारी किया। इस आदेश के आधार पर प्रोटेस्टेन्ट ईसाईयों को पूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता दी गयी।
- डच खगोलशास्त्री क्रिश्चियन ह्यूगेंस ने 1642 में मंगल के दक्षिणी ध्रुव की चोटी का पता लगाया।
- स्वीडन और डेनमार्क ने 1645 में ब्रह्मसब्ररो शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- भारत में प्रशासनिक सुधारों के लिए पिट्स इंडिया विधेयक ब्रिटिश संसद में 1784 को पेश हुआ।
- दासों के व्यापार को समाप्त करने के लिए ब्रिटेन और हालैंड के बीच 1814 में समझौता हुए।
- अमेरिकी समाचार पत्र एफ्रो-अमेरिकन का बाल्टीमोर से 1892 में प्रकाशन शुरू हुआ।
- जार्ज डेवी के नेतृत्व में अमेरिकी सेना ने 1898 में फिलिपींस की राजधानी मनीला पर कब्जा किया।
- इंग्लैंड ने 1902 में ऑस्ट्रेलिया को एक विकेट से हराकर ओवल की प्रसिद्ध जीत दर्ज की।
- इंग्लैंड के हैरी ब्रेअर्ली, शेफील्ड ने 1913 में स्टेनलेस स्टील का आविष्कार किया।
- नवनिर्मित पोलिश बंदरगाह जिडायनिया पर 1923 में पहला बड़ा समुद्री जहाज आया।
- गुस्ताव स्ट्रेसीमैन जर्मनी की चांसलर 1923 को नियुक्त हुई तथा वेमर गणराज्य में गठबंधन सरकार का गठन हुआ।
- भारत में निर्मित पहले विमान हिंदुस्तान ट्रेनर 2 ने पहली उड़ान 1951 में भरी।
- राष्ट्रीय राजमार्ग लोकसभा में 1956 को विधेयक पारित हुआ।
- अफ्रीका फ्रांस के कब्जे से 1960 में स्वतंत्र हुआ।
- अंतरिक्ष शटल के पहले ग्लाइड का परीक्षण 1977 में किया गया।
- वाशिंगटन में इजरायल एवं फिलिस्तीन के बीच शांति समझौता 1993 में सम्पन्न।
- थाईलैंड के नाखोन रचासिमा में 1993 को होटल ढह जाने से 114 लोग गए।
- सं.रा. अमेरिका और उत्तरी कोरिया के बीच 1994 को जेनेवा में परमाणु निरस्त्रीकरण के संबंध में ऐतिहासिक सहमति।
- लेखिका तसलीमा नसरीन की नई पुस्तक 'आमार मएेबेला' (मेरा बचपन) पर बांग्लादेश सरकार ने 1999 को प्रतिबंध लगाया, स्टेफ़ी ग्राफ़ ने टेनिस से सन्यास लिया।
- रोनाल्ड वेनेशिअन सूरीनाम के नये राष्ट्रपति 2000 में नियुक्त।
- इंटरपोल ने 2002 में नेपाल के 8 माओवादी आतंकवादियों की तलाश के लिए 'रेड कार्नर' नोटिस जारी किया।
- यूनानी सभ्यता की नुमाइश के साथ ओलम्पिक 2004 को शुरू हुआ।
- ग्रीस के एथेंस में 28 वां ओलंपिक खेलों की शुरूआत 2004 को हुई।
- श्रीलंका के विदेश मंत्री लक्ष्मण कादिरगमर की हत्या एवं उसके बाद इमरजेंसी 2005 में लागू।

## विश्व अंगदान दिवस

# एक 'हां' से बदल सकती हैं अनगिनत जिंदगियां





प्रो. आरके

**जीवन का सबसे अनमोल उपहार क्या हो सकता है? वह क्षण, जब एक इंसान अपनी मृत्यु के बाद भी किसी के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दे, किसी की धड़कनों को नया राग दे दे, किसी की आंखों में फिर से दुनिया की रंगत लौटा दे। विश्व अंगदान दिवस, जो हर साल 13 अगस्त को मनाया जाता है, हमें यही सिखाता है–करुणा, त्याग और मानवता की वह शक्ति, जो सीमाओं को तोड़कर जीवन को अमर बना देती है। यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक आह्वान है–एक ऐसी पुकार, जो हमें याद दिलाती है कि हमारी एक छोटी-सी हां, किसी की जिंदगी को हमेशा के लिए बदल सकती है।**

भारत जैसे देश में, जहां लाखों लोग अंग प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा में सांसे गिन रहे हैं, यह दिवस हमें एकजुट होकर मिथकों को तोड़ने, जागरूकता फैलाने और मानवता के लिए एक कदम आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। अंगदान एक ऐसा नेक कार्य है, जो न केवल किसी की जान बचाता है, बल्कि मानवता के प्रति विश्वास को भी मजबूत करता है। यह वह पुल है, जो अनजान दिलों को जोड़ता है, जो मृत्यु को जीवन में बदल देता है। फिर भी, भारत में अंगदान की स्थिति चिंताजनक है। नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन (एनओटीटीओ) के अनुसार, हर साल करीब 1.8 लाख लोग गुर्दे की विफलता, 80,000 लोग यकृत की विफलता और 50,000 लोग हृदय रोगों के कारण प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा में हैं। इसके बावजूद, भारत में अंगदान की दर प्रति दस लाख लोगों पर केवल 0.86 दाता है, जो वैश्विक औसत से कहीं कम है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के आंकड़े बताते हैं कि अंगों की कमी के कारण हर साल लाखों लोग असमय काल के गाल में समा जाते हैं। यह आंकड़ा न केवल एक सांख्यिकी है, बल्कि उन अनगिनत परिवारों की त्रासदी है, जो अपने प्रियजनों को खो देते हैं, सिर्फ इसलिए कि समय पर अंग उपलब्ध नहीं हो सका।

भारत में अंगदान को लेकर सबसे बड़ी बाधा है जागरूकता की कमी और गलत धारणाएं। कई लोग मानते हैं कि अंगदान उनकी धार्मिक मान्यताओं के खिलाफ है, जबकि हिंदू, इस्लाम, ईसाई, सिख और जैन जैसे सभी प्रमुख धर्म मानवता की सेवा को सर्वोच्च मानते हैं। उदाहरण के लिए, हिंदू धर्म में दान को परम पुण्य माना जाता है, और अंगदान को जीवन रक्षक दान के रूप में देखा जा सकता है। फिर भी, मिथक जैसे कि अंगदान से शरीर का अपमान होता है या यह अगले जन्म को प्रभावित करता है, लोगों को इस निर्णय से रोकते हैं। इसके अलावा, मृत्यु के बाद अंगदान के लिए परिवार की सहमति अनिवार्य है, और अक्सर भावनात्मक या सामाजिक दबाव के कारण परिवार इसकी अनुमति देने से हिचकते हैं। विश्व अंगदान दिवस का उद्देश्य इन मिथकों को तोड़ना और एक ऐसी संस्कृति विकसित करना है, जहां अंगदान को सम्मान और गर्व का प्रतीक माना जाए।


अंगदान की प्रक्रिया को समझना भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जीवित अंगदान में व्यक्ति अपने गुर्दे या यकृत का हिस्सा दान कर सकता है, क्योंकि ये अंग पुनर्जनन की क्षमता रखते हैं। मृत्यु के बाद अंगदान में हृदय, फेफड़े, यकृत, गुर्दे, अग्न्याशय और आंखों जैसे अंग दान किए जा सकते हैं। मस्तिष्क मृत्यु (ब्रेन डेथ) के बाद अंगदान की प्रक्रिया सख्त चिकित्सकीय और कानूनी प्रोटोकॉल के तहत होती है, जो नैतिकता और पारदर्शिता सुनिश्चित करती है। भारत में ट्रांसप्लांट ऑफ ह्यूमन ऑर्गन्स एक्ट, 1994 इस प्रक्रिया को नियंत्रित करता है, और एनओटीटीओ जैसे संगठन अंग आवंटन को निष्पक्ष बनाते हैं। फिर भी, इस प्रक्रिया को और सरल करने की जरूरत है। यदि ऑनलाइन पंजीकरण को प्रोत्साहित किया जाए और परिवारों को पहले से इस निर्णय के बारे में जागरूक किया जाए, तो अंगदान की दर में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है।

विश्व अंगदान दिवस उन प्रेरणादायक कहानियों को भी सामने लाता है, जो मानवता की ताकत को दर्शाती हैं। 2020 में, चेन्नई के एक युवक ने मस्तिष्क मृत्यु के बाद और महिदपुर, उज्जैन के विश्वास जवाहर डोसी ने अपने अंग दान किए, जिससे कई लोगों को नया जीवन मिला। ऐसी कहानियां हमें यह विश्वास दिलाती हैं कि एक व्यक्ति का निर्णय कई जिंदगियों को रोशन कर सकता है।

फिर भी, भारत में अंगदान की कमी का एक बड़ा कारण है संगठित प्रणाली का अभाव। कई अस्पतालों में प्रत्यारोपण की सुविधाएं सीमित हैं, और ग्रामीण क्षेत्रों में तो यह लगभग न के बराबर है। इसके अलावा, प्रशिक्षित चिकित्सकों और तकनीकी संसाधनों की कमी भी एक चुनौती है। यदि सरकार और गैर-सरकारी संगठन मिलकर काम करें, तो इस कमी को दूर किया जा सकता है। भारत में अंगदान बढ़ाने के लिए स्पेन की ऑप्ट-आउट प्रणाली से प्रेरणा ली जा सकती है, जहां हर व्यक्ति स्वतः अंगदाता माना जाता है। भारत में यह लागू करना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन मध्यप्रदेश सरकार का 1 जुलाई 2025 से अंगदाताओं के पार्थिव शरीर को गार्ड ऑफ ऑनर देने का आदेश एक प्रेरक कदम है। युवाओं को स्कूल, कॉलेज और सोशल मीडिया के जरिए जागरूक किया जा सकता है। प्रभावशाली हस्तियां, धार्मिक नेता और सामुदायिक संगठन इस मुहिम को गति दे सकते हैं। सरकार को अंगदाताओं के परिवारों को आर्थिक सहायता और सार्वजनिक सम्मान जैसे प्रोत्साहन देना चाहिए, ताकि यह नेक कार्य सामाजिक गौरव का विषय बने और अधिक लोग आगे आएं। विश्व अंगदान दिवस हमें यह सिखाता है कि जीवन का असली अर्थ है दूसरों के लिए जीना। यह वह दिन है, जब हम अपने डर और संकोच को पीछे छोड़कर मानवता के लिए एक साहसिक कदम उठा सकते हैं। प्रत्येक अंगदाता एक अनाम नायक है, जो अपनी मृत्यु के बाद भी दूसरों के जीवन में उजाला बिखेरता है। भारत, जहां करुणा और सेवा की परंपरा गहरी जड़ों में बसी है, वहां अंगदान को एक सामाजिक आंदोलन का रूप देना समय की मांग है। यदि हम एकजुट होकर इस दिशा में काम करें, तो वह दिन दूर नहीं जब हर जरूरतमंद को नया जीवन मिलेगा।

यह दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि एक संकल्प है—एक ऐसा संकल्प, जो हमें जीवन की कीमत समझाता है और हमें दूसरों के लिए जीने की प्रेरणा देता है। इस विश्व अंगदान दिवस पर हम यह प्रतिज्ञा लें कि हम न केवल अपने लिए, बल्कि दूसरों के लिए भी जिएंगे, और एक ऐसी दुनिया बनाएंगे, जहां हर धड़कन में मानवता की गूंज हो।

# पूरे देश के आवारा कुत्तों पर कार्रवाई क्यों नही?




अशोक मधुप

**दिल्ली एनसीआर में आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली/ एनसीआर के नागरिक प्रशासन और स्थानीय निकाय को सख्त निर्देश जारी किए हैं। इनमें आवारा कुत्तों को पकड़ने, उनकी नसबंदी करने और उन्हें आश्रय गृह में रखने के निर्देश दिये गए हैं।सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में अड़ंगा डालता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करें।**

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने सोमवार को सुनवाई के दौरान कहा कि %एनसीटी-दिल्ली, एमसीडी, एनएमडीसी तुरंत आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू करें और खासकर उन इलाकों में जहां आवारा कुत्तों का खतरा ज्यादा है।पीठ ने स्थानीय निकायों को निर्देश दिया कि आठ हफ्तों में वे आवारा कुत्तों को रखने के लिए आश्रय स्थल बनाने की जानकारी दें। अदालत ने कहा कि आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। अगर कोई व्यक्ति या संगठन इस काम में आड़े आए तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करें।पीठ ने ये भी कहा कि %एमसीडी/एनडीएमसी और दिल्ली एनसीआर के संबंधित प्राधिकरण दैनिक आधार पर आवारा कुत्तों को पकड़ने का रिकॉर्ड रखें और पकड़े जाने के बाद एक भी आवारा कुत्ता वापस छोड़ा नहीं जाना चाहिए और सभी को आश्रय स्थल में रखा जाए।% पीठ ने कहा कि अगर इस मामले में लापरवाही की गई तो हम सख्त कार्रवाई करेंगे।अदालत ने कहा आवारा कुत्तों के बारे में शिकायत मिलने के चार घंटे के भीतर कार्रवाई होनी चाहिए और कुत्तों की नसबंदी के बाद उन्हें वापस पुरानी जगह न छोड़ा जाए। अदालत ने कहा कि रेबीज की वैक्सीन की उपलब्धता भी चिंता का कारण है। अदालत ने वैक्सीन की उपलब्धता की भी पूरी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि नवजात, छोटे बच्चे किसी भी कीमत पर इन आवारा कुत्तों के शिकार नहीं बनने चाहिए।सुप्रीम कोर्ट ने एक हेल्पलाइन स्थापित करने के भी निर्देश दिए। पीठ ने कहा कि एक हफ्ते में हेल्पलाइन स्थापित की जाए, ताकि इस पर लोग कुत्तों के काटने की घटनाओं को रिपोर्ट कर सकें। न्यायालय ने कहाकि आवारा कुत्तों को पकड़कर शेल्टर में रखें, अड़ंगा डालने वालों पर कार्रवाई करें। जस्टिस पारदीवाला ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि %नसबंदी हो चुकी है या नहीं, सबसे पहली चीज है कि समाज आवारा कुत्तों से मुक्त होना चाहिए। एक भी आवारा कुत्ता शहर के किसी इलाके या बाहरी इलाकों में घूमते हुए नहीं पाया जाना चाहिए। हमने नोटिस किया है कि अगर कोई आवारा कुत्ता एक जगह से पकड़ा जाता है और उसकी नसबंदी करके उसे उसी जगह छोड़ दिया जाता है, ये बेहद बेतुका है और इसका कोई मतलब नहीं बनता। आवारा कुत्ते क्यों वापस उसी जगह छोड़े जाने चाहिए और किस लिए?% पीठ ने कहा कि हालात बेहद खराब हैं और इस मामले में तुरंत दखल दिए जाने की जरूरत है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता ने भी अदालत से अपील की कि वे इस मामले में सख्ती से दखल दें ताकि आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान हो सके। मेहता ने कहा कि नसबंदी से कुत्तों की सिर्फ संख्या बढ़नी रुकती है, लेकिन रेबीज का संक्रमण फैलाने की उनकी क्षमता कम नहीं होती। सवाल यह है कि ये आदेश दिल्ली /एनसीआरके लिए ही क्यों हैं।देश में भी तो नागरिक रहते हैं। उनके लिए क्यों नही। आवारा कुत्तों का आंतक तो पूरे देश में है। देश में कुत्तों के काटने से औसतन प्रति वर्ष 29 हजार से ज्यादा व्यक्ति मरते हैं। यह तो संख्या वह है जो रिपोर्ट हो जाती है। गांव देहात के मामले से रिपोर्ट ही नही हो पाते। न वे खबरों की सुर्खियां बनते हैं। उत्तर प्रदेश का बिजनौर बहुत छोटा जिला है। यहां हाल ही में 24 जुलाई की शाम थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के गांव झाड़पुरा भागीजोत में खेत पर काम कर रहीं 65 वर्षीय वृद्धा को आवारा कुत्तों के झुंड ने नोच कर मार डाला। तीन अगस्त को हीमपुर दीपा के गांव गांगू नंगला में हिंसक कुत्ते ने हमला कर दो बच्चों सहित 10 लोगों को बुरी तरह से घायल कर डाला। छह जून 2025 को अफजलगढ़ में पांच साल की बच्ची यास्मीन को आवारा कुत्तों के झुंड ने नोच-नोचकर मार डाला . दरअसल, बच्ची मां के साथ दूध लेने गई थी और पीछे रह जाने पर बच्ची कुत्तों के हि लग गई। 23 अक्तूबर 2023 को देश की प्रमुख चाय कंपनियों में से एक वाघ बकरी चाय के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पराग देसाई का निधन हो गया है।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



**सतीश फौजदार (क्षेत्रिय परिवहन अधिकारी)**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं अलवर जिले के क्षेत्रिय परिवहन अधिकारी श्री सतीश कुमार फौजदार। हमेशा मुस्कान अपने चेहरे पर संजोए और तनाव मुक्त रहकर अपने कार्यक्षेत्र में अपना सौ प्रतिशत देने वाले शानदार आरएएस अधिकारी हैं सतीश फौजदार सर। 15 अगस्त सन 1971 को ग्राम अस्तावन, तहसील कु हेर, जिला भरतपुर हाल डीग में जन्म हुआ। ग्रामीण परिवेश और मिट्टी से जुड़ाव रहने के कारण परवरिश में संस्कार मूल के ब्याज की तरह फ्री में मिला। शिक्षा के क्षेत्र में अच्छे थे इसलिए शिक्षा को जीवन का आधार बचपन से ही माना। स्कूली शिक्षा गाँव में ही हुई ,उच्च शिक्षा एमएसजी कॉलेज भरतपुर से पूर्ण हुई। 1994 में प्रथम नौकरी अध्यापक पद पर लगे। लेकिन इनकी मंजिल तो कहीं ओर थी इसलिए आरएएस की जमकर तैयारी की और 2001 में राजस्थान प्रशासनिक सेवा की परीक्षा में चयनित होकर जिला परिवहन अधिकारी पद पर अजमेर, टोंक, ब्यावर,सिरोही,भरतपुर, बीकानेर, कोटपूतली, धौलपुर उसके बाद पदोन्नत होकर क्षेत्रिय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) भरतपुर सीकर और अब अलवर क्षेत्रिय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) पद को सुशोभित कर रहे हैं। 2008 में राजस्व अर्जन में टॉप रहने पर राज्य सरकार द्वारा स मानित किया गया था। 2018 में आरटीओ भरतपुर, 2020 में आरटीओ सीकर रहते हुए राजस्व अर्जन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शानदार अधिकारी के रूप में हर जिले की जनता इन्हे आज भी याद रखती है। सबसे व्यवहार शील होकर मिलना, लोगों की समस्याओं को सुनना और उनके निस्तारण पर ध्यान देकर उनका निस्तारण करना इनके कर्म में शामिल हैं। इनकी रुचियाँ किताब पढ़ना व उनका सारांश समझना साथ ही उसके सारांक्ष को फेसबुक पर डालतें हैं जिससे जो भी लोग इसमें रुचि रखते हैं उनको आईडिया हो और एक शानदार शौक भी है जो शायद आज हर इंसान करना तो चाहता है लेकिन तनाव करने नहीं देता जी हां सतीश सर को गाने का बड़ा शौक है। गाना गाते भी हैं और उसे फेसबुक पर शेयर भी करते हैं ताकि लोग प्रेरित हों और तनाव प्रबंधन की इस शानदार रेसपी को समझ सकें। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

–रूपक शर्मा

## Today

बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 3 | | 6 | 8 | |
| | | 2 | 5 | 9 | 8 | 7 | 3 | |
| | | | 7 | | | | | |
| | | 3 | | 2 | | 5 | | |
| 6 | | | 9 | | | | | |
| | 5 | 4 | | | | | 9 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 1 |
| 8 | | | 2 | | | | | 3 |
| 3 | 4 | 5 | | 7 | | | | |

### Ans...

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 9 | 1 | 3 | 2 | 6 | 8 | 5 |
| 1 | 6 | 2 | 5 | 9 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 | 1 | 9 |
| 9 | 1 | 3 | 4 | 2 | 7 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 7 | 9 | 1 | 5 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 6 | 8 | 3 | 1 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 9 | 8 | 5 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 | 6 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारस्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

**वृष**

आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा।

**मिथुन**

सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क**

अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

**सिंह**

स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

**कन्या**

व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें। मित्रों और प्रियपात्र के साथ मुलाकात सुखद होगी।

**तुला**

मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

**वृश्चिक**

किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

**धनु**

मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

**मकर**

आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ**

आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

**मीन**

दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। आज कोई महत्वपूर्ण डिसीजन आप ले पाएंगे।

## जमवारामगढ़ में क्लाउड सीडिंग परीक्षण का शुभारंभ

# क्लाउड सीडिंग द्वारा रामगढ़ झील को पुनर्जीवित कर जल संकट दूर करना ही हमारी प्राथमिकता- डॉ. किरोडीलाल मीणा

टेक्नोलॉजी डेमो ड्रोन का भीड़ जाने के बाद जीपीएस मिलने से सफलता पूर्वक 400 फीट तक डेमो कृषि मंत्री की उपस्थिति में दिया गया



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** कृषि मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा के अथक प्रयास से मंगलवार को जवमारामगढ़ बांध के इलाके में ड्रोन से कृत्रिम बारिश करवाने की कार्यवाही शुरु की गई।

विज्ञान, आधुनिक तकनीक तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अद्भुत समन्वय के क्लाउड सीडिंग के माध्यम से करवाई जा रही कृत्रिम वर्षा को देखने के लिए भीड़ अनुमान से अधिक आई। भीड़ को कम करके ड्रोन को उड़ाने का प्रयास भी किया गया परन्तु भीड़ अधिक होने से नेटवर्क जाम हो गया, जिससे जीपीएस सिंगल लॉस होने से ड्रोन ऑटो लैंडिंग मोड में आ जाने के कारण लेंड हो गया। भीड़ कम हो जाने के बाद कृषि मंत्री के सामने ड्रोन द्वारा 400 फीट की हाइट तक डेमो सफलतापूर्वक दिया गया।

कृत्रिम बारिश के लिए वैज्ञानिकों की टीम जयपुर में है जो लगातार अपने स्तर पर ड्रोन से कृत्रिम बारिश का परीक्षण कर रहे हैं। रामगढ़ बांध पर कृत्रिम बारिश के प्रयोग के शुभारंभ पर कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का अयोजन किया गया, जिसने हजारों की तादात में लोगों ने भाग लिया है।

डॉ. किरोडीलाल मीणा ने कहा कि इस क्लाउड सीडिंग का मुख्य उद्देश्य रामगढ़ झील को पुनर्जीवित करना, जल संकट को कम करना और क्षेत्र में पारिस्थितिकी तंत्र संतुलन बहाल करना है। यह एक अनुसंधान एवं विकास आधारित पायलट प्रोजेक्ट है, जिसमें आधुनिक ड्रोन बेस्ड क्लाउड सीडिंग तकनीक और एआई का उपयोग कर वर्षा को वैज्ञानिक तरीके से बढ़ावा दिया जायेगा।

भारत में पहली बार ड्रोन बेस्ड क्लाउड सीडिंग की जा रही है। इसमें 'हाइड्रो ट्रेस' नाम का एआई पावर्ड प्लेट फॉर्म इस्तेमाल हो रहा है, जो रियल टाइम डेटा, सेटेलाइट इमेजिंग और सेंसर नेटवर्क की मदद से सही समय और सही बादलों को टारगेट करता है। यह 30 दिनों तक चलने वाला पायलट मिशन है।

उन्होंने बताया कि ड्रोन बेस्ड क्लाउड सीडिंग में ड्रोन को बादलों के पास भेजा जाता है, जहां यह सोडियम क्लोराइड या अन्य सुरक्षित सीडिंग ऐजेंट्स छोड़ता है। इससे बादलों में मौजूद नमी के कण आपस में मिलकर पानी की बूंदों में बदल जाते हैं और बारिश होती है। यह मिशन 12 अगस्त से शुरु होकर लगभग 60 दिनों तक चलेगा शुरुआती प्रभाव हमें तुरंत बारिश के रूप में दिखेगा, लेकिन लंबे समय में इसका असर झील के जल स्तर, भुमिगत जल भंडार और कृषि उत्पादन पर पड़ेगा।

कृषि मंत्री ने बताया कि यह तकनीक बिल्कुल सुरक्षित है और इसमें इस्तेमाल होने वाले एजेंट्स, बहुत कम मात्रा में और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार प्रयोग किये जाते हैं। यह मानव, पशु तथा फसलों के लिए हानिकारक नहीं हैं। इस पायलट प्रोजेक्ट के दौरान भी पर्यावरणीय प्रभाव का अध्ययन किया जायेगा।

# डॉ. शोएब ने उठाई छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव डॉ. मोहम्मद शोएब ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव केवल पद पाने का माध्यम नहीं होते, बल्कि यह छात्रशक्ति की आवाज और नेतृत्व की पहली सीढ़ी होते हैं। इन चुनावों के माध्यम से छात्र लोकतंत्र को समझते हैं, नेतृत्व करना सीखते हैं और जरूरत पड़ने पर व्यवस्था के खिलाफ खड़े होना भी। आज यहां जारी एक बयान में पीसीसी सचिव डॉ. मोहम्मद शोएब ने कहा–कॉलेज–विश्वविद्यालय के छात्रसंघ चुनाव छात्र जीवन का अहम हिस्सा होते हैं, जो युवाओं को जिम्मेदारी और जागरूकता दोनों सिखाते हैं। ऐसे में राज्य सरकार को छात्रों के इस लोकतांत्रिक अधिकार में और अधिक देरी नहीं करनी चाहिए। छात्रसंघ चुनावों की तुरंत बहाली ही समय की मांग है।

# उल्लेखनीय सेवाओं के लिए घुमरिया सम्मानित

कमला चैरिटेबल ट्रस्ट के रक्षा सूत्र कार्यक्रम में केसी घुमरिया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** कमला चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से मंगलवार को यहां रक्षा सूत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एवं सेवानिवृत आईआरएस अधिकारी केसी घुमरिया का उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मान किया गया। कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए घुमरिया ने उपस्थित जनों से सामाजिक कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहने और मानव सेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। बता दें कि कमला चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 2016 से जरुरतमंद लोगों के लिए निवाला कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसका प्रतिदिन 500 से 600 लोगों के लिए अस्पताल में मरीजों या उनकी देखभाल करने वालो के लिए मुफ्त भोजन आपूर्ति की जा रही है। घुमरिया ने अपने संबोधन में समाज सेवा का महत्व समझाया। साथ ही सामाजिक कार्यों से सदैव जुड़े रहने और हर संभव मदद के प्रति आश्वस्त किया।

# बाबूलाल की गुमशुदगी पर परिजनों व सैनी समाज ने न्याय की गुहार

- 03 सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस को नहीं मिला कोई सुराग
- परिजनों व सैनी समाज ने जिला पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के मौहल्ला बुचाहेडा वार्ड नं. 25 निवासी बाबूलाल (44) पुत्र कैलाश चंद सैनी की गुमशुदगी को लेकर परिजनों व सैनी समाज के लोगों ने मंगलवार को जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिष्नोई को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्यवाही की मांग की। सैनी सभा संस्था द्वारा सौंपे गये पत्र में बताया कि बाबूलाल सैनी 16 जुलाई को सुबह करीब 09 बजे रोजगार की तलाश में घर से निकला था, लेकिन उसके बाद से वह घर नहीं लौटा, जिसका मोबाईल फोन भी बंद आ रहा हैं एवं अभी तक कोई सुराग नहीं मिला हैं। परिजनों ने बताया कि 22 जुलाई को थाना कोटपूतली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी है, लेकिन लगभग 03 सप्ताह बीत जाने के बावजूद पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। बाबूलाल का रंग सांवला कद लगभग 5 फुट 5 इंच शरीर मध्यम घुघराल बाले दाये हाथ पर बीएलएस लिखा हुआ हैं। जिसने ब्लैक जिन्स व लाईट कलर की चैक की शर्ट पहन रखी हैं। बाबूलाल के पुत्र राहुल ने कई बार थाने के चक्कर लगाये, किंतु मामले में प्रगति ना होने से परिवार व समाज में आक्रोश है। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से बाबूलाल को शीघ्र खोजने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की गई हैं। जिला पुलिस अधीक्षक ने थाना अधिकारी को इस सम्बंध में शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देष दिये। इस दौरान जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर, सैनी समाज अध्यक्ष रामसिंह सैनी, हनुमान सैनी नेताजी, पूर्व चैयरमैन महेंद्र कुमार सैनी, पूर्व अध्यक्ष सैनी समाज राकेश सैनी, बिड़दी चन्द सैनी हवलदार, पूर्व उपाध्यक्ष रोहिताश सैनी, पार्षद प्रमोद गुरुजी, एड. योगेश सैनी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, राजेश सैनी, एड. विजय सैनी, बिल्लूराम सैनी, रामकुमार सैनी, उदय तौंदवाल समेत सैनी समाज के लोग मौजूद रहें।

## गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा का षष्ठ दीक्षान्त समारोह आयोजित

# विद्यार्थी अपनी शिक्षा का समुचित उपयोग राष्ट्र व समाज की उन्नति में करें – राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर/बांसवाड़ा।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि दीक्षांत का अर्थ शिक्षा का अंत नहीं अपितु अर्जित योग्यताओं से जीवन की नई शुरुआत है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपनी शिक्षा का समुचित उपयोग राष्ट्र व समाज की उन्नति में करेंगे। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद जनजातीय विश्वविद्यालय से अपेक्षा है की जनजाति क्षेत्र में उच्च शिक्षा का प्रभावी प्रचार हो। इसलिए हमें शिक्षा में जनजातीय वर्ग के बच्चों की संख्या बढ़ानी है ताकि शिक्षा के माध्यम से वे नौकरी व व्यवसाय कर सके और उनकी गरीबी दूर हो। हमें प्राथमिक, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्कूलों की शिक्षा पर भी ध्यान देना चाहिए।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे मंगलवार को गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय,बांसवाड़ा के षष्ठ दीक्षान्त समारोह को माहीडेम रोड बड़वी स्थित माही भवन विश्वविद्यालय परिसर में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां से डिग्री प्राप्त कर रहे युवाओं का कर्तव्य है कि वे अपने गांव के स्कूलों में हो रही पढ़ाई पर भी ध्यान दें। उन्होंने कहा कि अपनी विद्या को अपने तक ही सीमित नहीं रखे, इसे दूसरों को भी देने का प्रयास करें। विद्या तमाम बंधनों से मुक्त करती है। ज्ञान मिलने पर अहंकार से मुक्ति मिलती है। विश्वविद्यालय को रटने की बजाय बौद्धिक क्षमता को विकसित करने पर जोर देना चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य बौद्धिक क्षमता विकसित कर समस्या के समाधान का मार्ग निकालना है। नई शिक्षा नीति का उद्देश्य भी बौद्धिक क्षमता को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 2014 में विश्व में 11 वे नंबर की थी, जो अब विश्व में चौथे नंबर की है। देश में 25 करोड लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया है। उन्होंने कहा कि मैंने आज मां त्रिपुरा सुंदरी के दर्शन कर यह कामना की है कि यहां के बच्चों की बौद्धिक क्षमता में बढ़ोतरी हो, शिक्षक मुक्त हाथ से विद्या प्रदान करें और सभी लोगों को अच्छा स्वास्थ्य मिले। इस अवसर पर उन्होंने बांसिया भील, राणा पूंजा, राजा डूंगरिया, कालीबाई आदि को भी याद किया। समारोह में 22 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि तथा 34 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कौटिल्य शोध भवन व स्वामी विवेकानंद छात्र कल्याण भवन का लोकार्पण एवं संकाय भवन का शिलान्यास किया।

समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. केशव सिंह ठाकुर ने की। उन्होंने स्वागत उद्बोधन देते हुए विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

# जिला कलेक्टर और एसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया तिरंगा बाइक यात्रा को रवाना

विद्यालयों-महाविद्यालयों से लेकर पंचायत स्तर तक लहराया देशभक्ति का रंग




बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** जनमानस में राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रबल करने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला मुख्यालय पर मंगलवार को तिरंगा बाइक यात्रा का आयोजन किया गया. जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी और जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र विश्नोई ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया. यात्रा राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपूतली से प्रारम्भ होकर शहर में अग्रसेन तिराहा से होते हुए ज्योतिबा फुले मुख्य चौराहा तक आयोजित की गई इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम बृजेश चौधरी, ए एस पी वैभव शर्मा, तहसीलदार रामधन गुर्जर, जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह यादव, सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, नगर परिषद से दीपक मीणा सहित अधिकारी व आमजन उपस्थित रहे।

तिरंगा यात्रा में पुलिस, अधिकारी, कार्मिक, हॉबी ग्रुप्स एवं जन साधारण कि सक्रिय भागीदारी रही. इस दौरान एसपी देवेन्द्र विश्नोई ने सड़क सुरक्षा का संदेश देते हुए सभी को हेलमेट का उपयोग करने की अनिवार्यता पर जोर दिया।

# नगर निगम ग्रेटर द्वारा स्वच्छता योद्धा सम्मान कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

- राज्यपाल ने सफाई कर्मियों के साथ भोजन किया
- स्वच्छ भारत के लिए मिलकर कार्य करें-राज्यपाल



**जयपुर ( का.स. )।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को नगर निगम ग्रेटर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता योद्धाओं को सम्मानित किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कार्य करने वाले अपने बच्चों को खूब पढ़ाएं। शिक्षा से ही जीवन में विकास के अवसर मिलते हैं। उन्होंने स्वच्छता कार्मिकों के साथ बैठकर उनसे संवाद किया। उनके साथ भोजन किया। राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि नगर निगम ग्रेटर द्वारा किए गए प्रयासों से सफाई में नगर निगम ग्रेटर 173 से 16 वें स्थान पर आ गया है। यह उपलब्धि बहुत महत्वपूर्ण है।

राज्यपाल ने कहा कि भारत सरकार द्वारा 2 अक्टूबर 2014 को देशभर में स्वच्छता अभियान शुरू किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य ही है, भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और खुले में शौच से मुक्त बनाएं। उन्होंने कहा कि समाज में हर छोटा प्रयास बड़ा बदलाव ला सकता है। स्वच्छता योद्धाओं ने गलियों, गांवों, और शहरों को स्वच्छ बनाने में दिन–रात मेहनत की है। उन्होंने सभी की सराहना की। उन्होंने इसी तर्ज पर हर घर तिरंगा अभियान चलाने का आह्वान किया।

# धाकड़ समाज के आराध्य देव भगवान (धरणीधर) बलराम जन्मोत्सव निंबाहेड़ा में आज

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** धाकड़ समाज के आराध्य देव भगवान श्री धरणीधर बलराम का जन्मोत्सव 13 अगस्त, बुधवार को निम्बाहेड़ा में भव्य शोभायात्रा के साथ मनाया जाएगा। धाकड़ छात्रावास निम्बाहेड़ा के मीडिया प्रभारी सागरमल धाकड़ ने बताया कि निम्बाहेड़ा में पहली बार धाकड़ समाज के आराध्य देव भगवान श्री धरणीधर बलराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। इस भव्य शोभायात्रा में लगभग 100 से अधिक गांवों की प्रभात फेरियां भी आमंत्रित की गई है, जिनमें बैंड बाजे, ढोल, ट्रैक्टर एवं कारों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा मंडी चौराहा पर समाज के पदाधिकारियों द्वारा जेसीबियों से स्वागत किया जायेगा। आस–पास के गांव कनेरा, जावद, नीमच, छोटीसादड़ी, बड़ीसादड़ी, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ एवं उदयपुर जिले के स्वजातीय बंधु भव्य शोभायात्रा में उपस्थित रहेंगे। शोभायात्रा दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर पीपल चौक, रेलवे स्टेशन, रामद्वारा के सामने होकर कैंची चौराया, चंदन चौक, परशुराम सर्किल, मंडी चौराहा, स्वामी विवेकानंद हॉस्पिटल के सामने होकर, धाकड़ छात्रावास उदयपुर रोड पर संपन्न होगी।

धाकड़ युवा संघ के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद धाकड़ ने बताया कि आयोजन में सभी स्वजातीय बंधुओं को अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निवेदन किया गया है। यह शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए धाकड़ छात्रावास में संपन्न होगी तथा छात्रावास में समाज के सभी पदाधिकारी द्वारा सभा का आयोजन किया जाएगा।

## नई मंडी थाना पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )** । नई मंडी थाना पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मासलपुर तहसील के भूतवारी निवासी रामकेश माली के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने सात बाइक चोरी करना स्वीकार किया है। थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सोहन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ये कार्रवाई की। पुलिस आरोपी से अन्य वारदातों की जानकारी जुटा रही है। साथ ही उसके अन्य साथियों के बारे में भी पूछताछ कर रही है। चोरी की गई बाइकों की बरामदगी के लिए आरोपी की निशानदेही पर काम चल रहा है इस कार्रवाई में एएसआई मुकेश सिंह, रामवीर, भागीरथ, जोगेंद्र और बलजीत सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। कॉन्स्टेबल जोगेंद्र ने आरोपी की गिरफ्तारी में अहम भूमिका रही।

## लखारा चौक व्यापार संघ ने किया तिरंगा यात्रा का स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** श्यामाप्रसाद मुखर्जी मण्डल की ओर से शहर में निकाली गयी तिरंगा यात्रा का आज लखारा चौक व्यापार संघ की ओर से लखारा चौक में फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। संघ की ओर से अध्यक्ष चेतन सोनी, संरक्षक ब्रजमोहन अग्रवाल,दिनेश गोठवाल, ओम जैन,मनोज सोनी,राकेश जैन,राजेश शर्मा,मनोहर भोरावत,राजेश खत्री,मुकेश वाधवानी,जगदीश सोनी ने तिरंगा यात्रा में शामिल मण्डल अध्यक्ष विजय आहूजा,पूर्व उप महापौर पारस सिंघवी, किरण जैन, अर्चना शर्मा, चंचल अग्रवाल,ओमप्रकाश खोखावत सहित अनेक कार्यकर्ताओं पर फूलों की वर्षा कर इसका भव्य स्वागत किया। यात्रा में बज देशभक्ति गीत कार्यकर्ताओं में जोश भर रहे थे।

# कॉन्स्टेबल की अटैक से मौत, हॉस्पिटल के बाहर प्रदर्शन

## परिजनों ने मांगा 5 करोड़ का मुआवजा, दोनों बेटे के लिए सरकारी नौकरी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद में कांकरोली पुलिस की टीम में शामिल हेड कॉन्स्टेबल पूरण सिंह (44) पुत्र फतेह सिंह चौहान निवासी कल्ला खेड़ी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। चोरी का माल खरीदने को लेकर भीलवाड़ा के एक ज्वेलरी व्यापारी को 10 अगस्त को कांकरोली थाने लेकर आने वाली टीम में पूरण सिंह भी शामिल थे। उसी दिन शाम को ज्वेलरी व्यापारी की मौत के बाद पूरण सिंह तनाव में आए थे और अगले दिन 11 अगस्त को हार्ट अटैक से उनकी भी मौत हो गई।






### ज्वेलरी व्यापारी की मौत के बाद हुआ था प्रदर्शन

11 को सर्राफा व्यापारियों ने आरके हॉस्पिटल में प्रदर्शन किया औरी परिजनों को 1 करोड़, बेटे को सरकारी नौकरी व पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग रखी। परिजनों के साथ वार्ता के बाद ज्वेलरी व्यापारी को 8 लाख का मुआवजा, बेटे को संविदा पर नौकरी की बात पर सहमति बनी ओर पोस्टमॉर्टम करवाया गया।

### तनाव में थे हेड कॉन्स्टेबल पूरण सिंह

वही ज्वेलरी व्यापारी की मौत के बाद से ही हेड कॉन्स्टेबल पूरण सिंह तनाव की स्थिति में आ गए और उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और हार्ट अटैक आ गया। जिसके बाद सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां से अनन्ता हॉस्पिटल लेकर गए। इस दौरान पूरण सिंह ने सोमवार 11 अगस्त को दम तोड़ दिया। हेड कॉन्स्टेबल की मौत की खबर से पुलिस महकमे में शोक फेल गया। इसके बाद शव को आरके हॉस्पिटल पहुंचाया गया। वही हेड कॉन्स्टेबल के परिजनों सहित बड़ी संख्या में राजपूत समाज के लोग भी आरके हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी पहुंच गए। जहां पर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई।

### पहले दौर की वार्ता रही फेल

बाद में हॉस्पिटल परिसर में ही एएसपी महेन्द्र पारीक, डीवाईएसपी विवेक सिंह की मौजूदगी में परिजनों व समाज के लोगों के साथ वार्ता की गई। जहां परिजनों ने 5 करोड़ का मुआवजा, पूरण सिंह के दोनों बेटों को सरकारी नौकरी व पुलिस टीम का बहाल किये जाने की मांग रखी। इन मांगों को लेकर मंगलवार सुबह 11 बजे वार्ता शुरू हुई जो दोपहर 12 बजे तक चली, लेकिन वार्ता सफल नहीं रही। कलेक्ट्रेट में हुई दूसरे दौर की वार्ता भी फेल रही उसके बाद समाज के 11 प्रतिनिधियों को कलेक्ट्रेट बुलाया गया। जहां मंगलवार दोपहर 1 बजे कलेक्टर अरूण कुमार हसीजा व एसपी ममता गुप्ता ने समाज के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता शुरू की। यहां पर मुआवजा और दोनो बेटों को सरकारी नौकरी पर सहमति नहीं बनने पर सभी लोग नाराज होकर वापस आरके हॉस्पिटल की मॉर्चूयरी आ गए। इस दौरान पुलिस की ओर से एएसपी महेन्द्र पारीक ने बताया कि कांकरोली पुलिस की टीम में शामिल चारों पुलिसकर्मियों को ज्वेलरी व्यापारी की मौत के बाद हेड कॉन्स्टेबल पूरण सिंह, शक्ति सिंह, जगदीश व कॉन्स्टेबल दुर्गेश को निलंबित किया था। इन सभी को बहाल कर दिया गया। बाद में सरकार की ओर से 5 लाख की मुआवजा राशि व हिन्दुस्तान जिंक से ओर मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया गया। जिसके बाद परिजनों ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाया और मंगलवार शाम करीब 4 .45 पर शव लेकर रवाना हुए।

## भाव निद्रा तोड़ने के लिए स्वयं को स्वयं जानना होगा : विपुलप्रभाश्री

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सूरजपोल स्थित दादाबाड़ी में साध्वी विपुल प्रभा श्रीजी ने कहा कि भाव से नही सोना है। जिस दिन भाव निद्रा टूट गई उस दिन अपने आप लगेगा कि क्यों अपना समय किसी के साथ व्यर्थ खराब करूं। भाव निद्रा तोड़ने के लिए स्वयं को स्वयं जानना होगा। स्वयं को स्वयं मानना होगा। तीसरा स्वयं के द्वारा स्वयं के दर्शन करने होंगे। बार बार नींद टूटी रही है यानी द्रव्य निद्रा टूट रही है तो जाग जाओ और भावों में आ जाओ।

महापुरुषों ने जग छोड़कर जागते को जगाने का प्रयास किया। द्रव्य निद्रा से भाव निद्रा में लाने का प्रयास करते रहे। जीव को जीव का बोध कैसे हो, आत्मा को आत्मा का, चैतन्य को चेतना भाव का प्रकट कैदी हो, उन आत्म भावों को, उस द्रव्य निद्रा को जगाकर समकित की यह यात्रा में बहिर्मुखी से अंतर्मुखी कैसे बनें, इस पर विचार करना है। ज्ञानी भगवंतों को अगर एक घंटे नींद आ जाती तो सोचते कि ये एक घंटा खराब हो गया।

उन्होंने कहा कि समय कभी प्रतिकूल तो अनुकूल भी मिलेगा। इन सबके बीच रहकर खुद को भिन्न कैसे रखें! गर्मी, भूख, प्यास शरीर को लगती है, आत्मा को नहीं। अगर किसी का सहयोग हुआ तो इसका अर्थ कि ये सोचो कि किसके लिए मिला। क्या करने के लिए मिला। शरीर का सहयोग आत्मा के लिए मिला। कब तक सहयोग मिलेगा जब तक वियोग न हो जाये। शरीर आत्मा से अलग भी होगा। अगले भव में फिर नया शरीर मिलेगा। हम कर्म बन्धों में बंध चुके हैं। हर भव में पति, माता, पत्नी अलग मिलेंगे। सीरियल में कोई पति किसी में भाई होता है। शरीर में हूं लेकिन इसका वियोग हो जाएगा। यहां जो कमाया, नहीं रह जायेगा। व्यक्ति, पैसे से मोह नहीं रखना है। उसका सदुपयोग कैसे करना है ये सोचें।

# दस साल बाद उदयपुर में परमपावन सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन के स्वागत मे पलक पावड़े बिछायें

### दाऊदी बोहरा समुदाय के धर्मगुरु चेहलुम के अवसर पर और नए स्कूल का उद्घाटन करने पहुंचे उदयपुर

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** दाऊदी बोहरा समुदाय के लोग 53 वें अल-दाई अल-मुतलक और विश्वव्यापी दाऊदी बोहरा समुदाय के धर्मगुरु परमपावन सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब का स्वागत करने के लिए बुरहानी मस्जिद परिसर में उदयपुर और आसपास के शहरों से हजारों समाजजन एकत्र हुए।

सैयदना साहब मुंबई से उदयपुर के महाराणा प्रताप हवाई अड्डे पर पहुंचे। जहां पंजाब और चंडीगढ़ के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, उदयपुर के विधायक ताराचंद जैन, राजसमंद के विधायक दीप्ति माहेश्वरी और दाऊदी बोहरा समुदाय के वरिष्ठ सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

सैयदना साहब की यह यात्रा चेहलुम के स्मरणोत्सव के साथ मेल खाती है, जो पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की इराक के कर्बला में शहादत के 40 वें दिन मनाया जाता है।

सैयदना की यात्रा हमें याद दिलाती है कि आस्था केवल प्रार्थना ही नहीं है, बल्कि उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने का भी नाम है। शहर के विकास में योगदान देना, अपने पड़ोसियों की देखभाल करना और जनहित के लिए काम करना, यह सब आस्था के तरीके है। सामुदायिक समन्वयक अली कौसर कुराबड़वाला ने बताया कि दस साल बाद उन्हें यहाँ देखकर इन मूल्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और भी मज़बूत होती है। अपने प्रवास के दौरान सैयदना सैफुद्दीन प्रवचन देंगे। समुदाय के सदस्यों से व्यक्तिगत रूप से मिलेंगे और उन्हें आस्था, शिक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व के मुद्दों पर मार्गदर्शन देंगे। इस दौरान वे बड़ी इलाके में नवनिर्मित सैफी सीनियर सेकेंडरी स्कूल का भी उद्घाटन करेंगे, जो दाऊदी बोहरा शैक्षणिक संस्थानों के व्यापक



वैश्विक नेटवर्क का हिस्सा है, जो कई महाद्वीपों में फैले हुए हैं और हर साल हज़ारों छात्रों को शिक्षा प्रदान करते हैं।

## सदर पुलिस ने खेडा में 51 मीटर तिरंगा के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

### बड़ी संख्या में शामिल हुए आमजन, डीजे की धुन पर देश भक्ति नारों से गूंजयमान हुआ आकाश




बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** सदर थाना पुलिस ने खेडा में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया ।पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल के निर्देशन में थाना देवेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।अहिंसा सर्किल से डीजे की धुन पर बज रहे देशभक्ति गीतों के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। क्षेत्र के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए 51 मीटर का तिरंगा लेकर साथ-साथ चल रहे थे। तिरंगा यात्रा खेड़ा अहिंसा सर्किल से शुरू हुई और गांव के मुख्य मार्ग से होते हुए वापस अहिंसा सर्किल पर यात्रा का समापन किया गया ।थाना अधिकारी देवेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान जगाना था ।तिरंगा यात्रा में पुलिसकर्मियों के साथ भाजपा खेड़ा जमालपुर मंडल अध्यक्ष गीता चौधरी, समाज सेवी कृपाल सिंह महावीरजी मंडल अध्यक्ष कल्पेश, मंत्री शोभा तिवाड़ी, सुनिता मीना, महेश्वरी जाट, रूपा फौजदार, कश्मीरा बेनीवाल,हरिकेश देदरौली, नाजरीन शाह, श्याम खेडिया, हनीस खांन, आशिक खांन, शाहरुख खांन सहित सीएलजी सुरक्षा सखी आंगनवाड़ी की महिलाओं सहित बडी संख्या में आमजन शामिल हुएं ।

## राजकीय महाविद्यालय में तिरंगा रैली का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )** । राजकीय महाविद्यालय हिंडौन सिटी की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत हर-घर तिरंगा अभियान एवं राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के प्रति सम्मान की भावना को जागृत करने के लिए यह रैली महाविद्यालय परिसर से कलाम सर्किल तक निकाली गई। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो पप्पू राम कोली द्वारा इस तिरंगा रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ पप्पू राम कोली ने कहा कि हमें हमारे राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करने के साथ-साथ देश प्रेम और भाईचारे की भावना का समाज में विकास करना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यकाल अधिकारी डॉ रितेश जैन ने संबोधित करते हुए कहा की आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम



के अंतर्गत देश प्रेम राष्ट्र की एकता और अखंडता की रक्षा हेतु अपने प्राणों की कुर्बानी देने वाले अमर शहीदों के प्रति हमारे हृदय में सम्मान होना चाहिए। इस तिरंगा रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक के साथ महाविद्यालय के विद्यार्थी संकाय सदस्य श्री मुकेश कुमार गोयल, डॉ आशा राठौड़ ,मुकुट सिंह गुर्जर, पप्पू लाल यादव , विश्वंभर दयाल मीणा ,मनोज जोगी ,छोटेलाल मीणा आदि उपस्थित रहे।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बाइक रैली और जागरण का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** यादव महासभा अध्यक्ष भैरू हुल्ड़ा की अध्यक्षता में मंगलवार को एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर खोश्या मंदिर पावटा से बाइक रैली का आयोजन कर भव्य झांकी प्रोग्राम और गायक कलाकारों द्वारा विशाल जागरण करवाने का निर्णय लिया गया। बाइक रैली श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन सुबह करीब 07 बजे खोश्या मंदिर से रवाना होकर पावटा स्थित नवीन यादव भवन बावड़ी पहुंचकर विसर्जित होगी। जहां एक विशाल जागरण का आयोजन होगा। इस मौके पर विभिन्न कमेटियों का गठन कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। मीडिया प्रभारी विकास यादव ने बताया की कार्यक्रम के उद्देश्य श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर लोगों को एकजुट करना और भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाओं को प्रसारित करना है। कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों को भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और उनके आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। यादव महासभा अध्यक्ष भैरू हुल्ड़ा ने सभी लोगों से आह्वान किया है कि वे इस कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और उनके आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित हों। कार्यक्रम में शामिल होने से लोगों को भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाओं को समझने और उनके जीवन में उतारने का अवसर मिलेगा। बैठक में ईकाई अध्यक्ष दशरथ ठुकरान, कोषाध्यक्ष भैरूलाल यादव, प्रवक्ता सरदार मल, डॉक्टर सुरेंद्र यादव, साधुराम अफिया, कृष्णा सापला, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष प्रकाश यादव, रामेश्वर भाटिया, भरत मल गोठवाल, रामकुमार ठेकेदार, उपसरपंच ग्यारसी लाल, हरिसिंह दहिया, सुबेदार भरत मल, श्रीराम गोठवाल, श्रीराम खातोदिया समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) उपशाखा कार्यकारिणी के वार्षिक चुनाव सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे में राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) उपशाखा कार्यकारिणी के वार्षिक चुनाव मंगलवार को निर्विरोध संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी बनवारी लाल सैनी, सहायक चुनाव अधिकारी कैलाश चंद गुर्जर, पर्यवेक्षक लक्ष्मी नारायण स्वामी व रोहिताश यादव के निर्देशन में हुए इस चुनाव में अमीचंद स्वामी लगातार तीसरी बार अध्यक्ष चुने गए हैं। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में संरक्षक उमेश चंद्र टांक, सभाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, अध्यक्ष अमीचंद स्वामी, मंत्री रामसिंह यादव, कोषाध्यक्ष बलवीर मीणा, उपसभाध्यक्ष ताराचंद, महिला उपसभाध्यक्ष रजनी बाला, कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश कुमार रैगर, उपाध्यक्ष प्रारम्भिक शिक्षा मनोज कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा सोनाराम स्वामी, उपाध्यक्ष संस्कृत शिक्षा हजारी लाल सैनी, महिला उपाध्यक्ष मंजू शर्मा, महिला मंत्री सुनीता शर्मा, प्रवक्ता जयराम गुर्जर, प्रधानाचार्य प्रतिनिधि बाबूलाल वर्मा, प्रतिनिधि वरिष्ठ अध्यापक प्रहलाद सहाय यादव, संस्कृत शिक्षा प्रतिनिधि खेमचंद सैवाल, प्रतिनिधि शारीरिक शिक्षा मामराज मीणा, प्रबोधक प्रतिनिधि अनिल कुमार गुप्ता, संगठन मंत्री पंकज स्वामी, कार्यालय मंत्री दीपेश मीणा निर्वाचित हुए। वहीं प्रदेश महासमिति सदस्य जयराम वर्मा, परमानंद लखेरा एवं कैलाश चन्द्र गुर्जर तथा जिला महासमिति सदस्य पद पर सुधीर सिंह, मुकेश कुमार और रोहिताश यादव चयनित हुए।

चुनाव में प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेन्द्र कुमार स्वामी, जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सैनी समेत अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए सभी ने उम्मीद जताई कि यह कार्यकारिणी शिक्षकों के हित में काम करेगी और संगठन को मजबूत करेगी।

## शिव-पार्वती विवाह प्रसंग को देख भावविभोर हुए भक्त



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** कन्हैयालाल धायभाई और पूलां की पूर्व पार्षद श्रीमती मंदाकिनी धायभाई की ओर से वृंदावन के महाराज वैंकटेश भाई मुखारविंद से कथा स्थल श्री कृष्ण वाटिका, धायभाई जी की पुलां में चल रही 7 दिवसीय भगवत कथा के दूसरे दिन कथा के साथ-साथ शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का आयोजन किया गया। महाराज श्री ने बताया कि मेवाड़ से महारानी मीरां बाई ने जीवन में भगवान श्री कृष्ण भक्ति कर भगवान नाम का धन एकत्रित किया। कथा के दौरान महाभारत विजय और द्रोपदी को श्री कृष्ण के सहयोग से श्री भीष्म पितामह द्वारा सदा सुहागन का आशीर्वाद दिया ताकि पांडव महाभारत युद्ध में विजय प्राप्त कर सभी भाई जीवीत रहे। कथा के अंत में भगवान श्री शिव माता पार्वती का विवाह उत्सव झांकियों सहित मनाया गया। आज भी कथा में सैंकड़ों भक्तों ने श्रीमद्भागवत श्रवण का लाभ लिया।

## सेंट ग्रिगोरियस में एल्यूमिनी मीट व मिलेनियम बैच 2000 का भव्य आयोजन

**उदयपुर ( नि.स. )।** सेंट ग्रिगोरियस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वर्ष 2000 के मिलेनियम बैच का पुनर्मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक तिलक एवं ऊपरणा स्वागत से हुई। विद्यालय गान और प्रार्थना के बाद स्वागत नृत्य, स्मृति चिह्न, पिन एवं विद्यालय पत्रिका प्रदान कर पूर्व छात्रों का सम्मान किया गया, जो समारोह के मुख्य आकर्षण रहे। वीडियो प्रस्तुति और 'ओपन फोरम' में एलुमनाइ ने अपने अनुभव साझा किए और अल्मा मेटर के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय के प्रबंधक रेव्ह. फादर वर्गीस थॉमस, प्रबंधन समिति के पदाधिकारी उपाध्यक्ष थॉमस अब्राहम , प्रबंधन समिति के सदस्य गण, प्राचार्या शुभा जोस एवं उपप्राचार्य अनिल गोस्वामी की गरिमामयी उपस्थिति में 'रिमिनिसेंस इन रिदम्स' प्रस्तुति, सिल्वर जुबिली गेम्स, वृक्षारोपण तथा 'ए नॉस्टैल्जिक ट्रेल' स्कूल टूर आयोजित हुए। कार्यक्रम का समापन सामूहिक फोटो सत्र और मध्यान्ह भोजन के साथ हुआ। सभी पूर्व छात्र पुनर्मिलन कार्यक्रम के अंत में पुनः मिलने का वादा करते हुए, इन हसीन यादों को संजोते हुए स्कूल से विदा हुए।

## निरबाला की ढाणी के शिव मंदिर में विशाल भण्डारे का आयोजन



पावटा (सुशील कुमार बंसल )। भांकरी के निरबाला की ढाणी के शिव मंदिर में मंगलवार को एक विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। यह आयोजन मंदिर कमेटी द्वारा पारंपरिक रूप से किया जाता है, जो ग्रामीणों के बीच एकता और आस्था का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रकाश सैनी ने विशेष श्रृंगार कर मंदिर में भव्य डेकोरेशन किया, जिससे मंदिर की शोभा और भी बढ़ गई। वहीं दिन में महासियों द्वारा नेहड़े कार्यक्रम व लोक नृत्य कलाओं की प्रस्तुति दी गई। जिसमें श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद लिया। प्रभाती लाल सैनी ने बताया की मंदिर ग्रामीणों के बीच एकता और आस्था का प्रतीक है, जहां प्रतिवर्ष विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस दौरान साधुराराम सैनी, अर्जून लाल, बनवारी लाल सैनी, रतन लाल, भैरू राम सैनी, कैलाश सैनी, दामोदर सैनी, हजारी लाल, कार्यकर्ता सुरेश गोपाल समेत अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# दमनात्मक कार्यवाहियां बंद करने सहित पांच सूत्रीय मांगों को अनदेखा करने से नाराज पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारीयो ने कपासन में ज्ञापन सौंपा



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** दमनात्मक कार्यवाहियां तत्काल बंद करने एवं मुख्य पांच सूत्रीय मांगों को लेकर किये प्रयासों को अनदेखा करने से नाराज ब्लॉक कपासन के पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा मंगलवार को पंचायत समिति कपासन परिसर से पुकार अभियान 2025 के अंतर्गत रैली का आयोजन कर उपखण्ड अधिकारी कपासन को ज्ञापन सौंपा गया।

पंचायत समिति कपासन प्रशासनिक अधिकारी एवं पुकार अभियान संरक्षक कैलाशचंद्र गर्ग ने बताया कि पंचायत समिति कपासन क्षैत्र के ब्लॉक स्तरीय मंत्रालयिक कर्मचारी संघ द्वारा पंचायती राज संस्थाओं में पदस्थापित 16 हजार मंत्रालयिक कर्मचारियों की कैडर रिव्यू एवं स्वतंत्र जॉब-चार्ट की मांग पर व्यथा, न्याय मांगने पर प्रतिद्वंद्वी संगठन के अनैतिक हथकण्डों एवं इशारे मात्र पर 2013 में नियुक्त कार्मिकों के वैद्य दस्तावेजों की बार-बार जांच कर नाहक ही परेशान किया जा रहा है।जबकि उक्त पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में विभाग के तीन-तीन आईएएस अधिकारियों के निर्देशन में जांच की जा करवा चुकी है।जिसमे उक्त शिकायत सारहीन पाई गयी।

गौरतलब है कि जब-जब मंत्रालयिक कार्मिकों की पदोन्नती अथवा केडर रिव्यु के सापेक्ष अपेक्षित कार्यवाही को गति मिलती है।उसी समय वह संवर्ग द्वारा निराधार एवं फर्जी शिकायते कर कार्यवाही को विचाराधीन में अन्तरित करवा दिया जाता है।संगठन प्रतिनिधि लोकेश कुमार गौड़ ने बताया कि मांगों को गंभीरतापूर्वक नही लेने से आक्रोशित मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा विभाग के ध्यानाकर्षण हेतु आंदोलन के संकेत सूचक गतिविधि में आयोजित पुकार अभियान 2025 के अंतर्गत पंचायत समिति कपासन से पांच सूत्रीय मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुवे उपखण्ड कार्यालय पहुंचकर उपखण्ड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका को मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार,मुख्य सचिव पंचायती राजमंत्री एवं पंचायती राज आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा गया।इसके बाद मंत्रालयिक कर्मचारी संघ कपासन के तत्वावधान में पंचायत समिति कपासन के समीप स्थित श्री यशोदानंद नंदेश्वर मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया।जिसमे आंदोलन संबंधी आगामी रणनीति पर सुझावों के साथ विस्तृत चर्चा की गयी।

इस मौके पर संघ प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता विजयवर्गीय, आशीष शर्मा, गोपाल गौड़, विष्णुगिरी गुसाई, भारत खिंची, बृजेश जायसवाल, देवेन्द्र प्रजापत, देवीलाल जाट, ललिता त्रिपाठी, देशबंधु जोशी, प्रकाश गर्ग, प्रतीक भट्ट, कैलाश जाट, लक्ष्मीलाल जाट, नारायणलाल जाट,श्यामलाल बैरवा, बाबुलाल शर्मा, मदनलाल खटीक आदी पंचायती राज मंत्रालयिक कार्मिकगण उपस्थित रहे।

## सांसद अग्रवाल के प्रयासों से जोधड़ास रेलवे ओवर ब्रिज को मिलेगी गति

### दिसंबर 2025 से 200 फीट रोड पर शुरू होगा आवागमन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** लंबे समय से लंबित अजमेर रोड स्थित 200 फीट रिंग रोड पर बनने वाले रेलवे ओवर ब्रिज के कार्य को अब गति मिलने जा रही है। सांसद दामोदर अग्रवाल के प्रयासों से यह बहुप्रतीक्षित परियोजना दिसंबर 2025 से आमजन के लिए खुल जाएगी। सांसद प्रवक्ता विनोद झूरानी ने बताया कि सांसद अग्रवाल ने मंगलवार को दिल्ली स्थित रेल भवन में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार से मुलाकात कर अजमेर रोड 200 फीट रिंग रोड पर वर्षों से अटके रेलवे ओवर ब्रिज के शीघ्र निर्माण की मांग रखी। इस पर चेयरमैन सतीश कुमार ने आश्वासन दिया कि रेलवे की ओर से कार्य नवंबर तक पूरा कर दिया जाएगा। सांसद अग्रवाल ने बताया कि दिसंबर से यह ओवर ब्रिज चालू हो जाएगा, जिससे 200 फीट रोड पर आवागमन सुचारू हो सकेगा। इसके बन जाने से टंकी के बालाजी से जोधड़ास तक आने-जाने वाले भीलवाड़ा वासियों को बड़ी सुविधा मिलेगी और यातायात दबाव में भी कमी आएगी।

## दूसरी बार भी निर्विरोध अध्यक्ष बने पंकज जैन




बढ़ता राजस्थान

**नैनवां ( टी.आर. सैनी )।** बालिका सीनियर स्कूल में राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) की बैठक आयोजित की गई, जिसमें उपशाखा के चुनाव संपन्न हुए। दूसरी बार पंकज जैन निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। चुनाव अधिकारी रामराज मीणा, पर्यवेक्षक अशोक नागर और चुनाव सहयोगी सियाराम मीणा व रणजीत योगी ने बताया कि सभी पदों पर चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए। मंत्री पद पर देवराज गुर्जर, कोषाध्यक्ष धोलूलाल मीणा, सभाध्यक्ष कन्हैयालाल चैपदार, उपसभाध्यक्ष पदों पर दुर्गाशंकर मीणा और मुरलीमनोहर मीणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश मीणा, उपाध्यक्ष कालूलाल गुर्जर, महिला मंत्री निर्मला जायसवाल, वरिष्ठ अध्यापक प्रतिनिधि बुद्धिप्रकाश मीणा, अध्यापक प्रतिनिधि देवप्रकाश गुर्जर, पंचायत समिति शिक्षक प्रतिनिधि राकेश मीणा, व्याख्याता प्रतिनिधि रवि पालीवाल तथा पंचायत शिक्षक प्रतिनिधि बंसीलाल कहार निर्वाचित हुए। इसके अलावा जिला महासमिति के लिए 32 सदस्य तथा प्रदेश महासमिति के लिए 8 सदस्य—राजाराम मीणा, सुगनचंद मीणा, राधेश्याम मीणा, ज्ञानचंद जैन, नाथूलाल बैरवा, कन्हैयालाल चैपदार, बनवारीलाल मीणा और विनोद जैन—चुने गए। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन हित में कार्य करने की शपथ ली। इस अवसर पर सैकड़ों शिक्षक सदस्य उपस्थित रहे।

## जय बाबारी जयकारों के साथ कपासन में संचालित राम रसोड़े का हजारों श्रद्धालु लाभ ले रहे



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** श्री बाबा रामदेव के दर्शनार्थ रामदेवरा जाने वाले यात्रियों के लिए नगर में संचालित राम रसोड़े में हजारों श्रद्धालु जय बाबारी आदि धार्मिक जयकारों के साथ माकूल व्यवस्थाओं का लाभ उठा रहे हैं। श्री बाबा रामदेव सेवा समिति कपासन के प्रबंधक एवं समाजसेवी भागीरथ चंदेल ने बताया कि विगत 20 वर्षों से नगर में बाबा रामदेव के भक्तों हेतु चाय, नाश्ता, भोजन, आवास, चिकित्सा आदि की माकूल व्यवस्था के साथ राम रसोड़े का संचालन किया जा रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी नगर के मुख्य मार्ग स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर के समीप आयोजित राम रसोड़े में हजारों भक्त अल्प प्रवास कर सेवाओं का लाभ लेते हुए उत्साहपूर्वक रामदेवरा की ओर प्रस्थान कर रहे हैं। यहां चार पहिया, दोपहिया वाहनों के अलावा बड़ी संख्या में पैदल यात्रा करने वाले भक्त भी शामिल हैं। यात्रा के दौरान श्री बाबा रामदेव सेवा समिति कपासन के संयोजन में आयोजित राम रसोड़े में ठहरकर सेवाओं का लाभ लेने के बाद श्रद्धालु जयकारों के साथ आगे बढ़ते हैं।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व नपा कपासन उपाध्यक्ष विनोद बारेगामा का जन्मदिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** पूर्व नगर पालिका कपासन उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस पार्टी के कर्मठ पदाधिकारी विनोद बारेगामा का जन्मदिवस कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साहपूर्वक मनाया गया। नगर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष कपासन भवानीशंकर लोहार ने बताया कि पूर्व नगर पालिका कपासन उपाध्यक्ष विनोद बारेगामा के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व पालिका उपाध्यक्ष विनोद बारेगामा का साफा,उपरना एवं माल्यार्पण के साथ स्वागत अभिनंदन किया गया।साथ ही नगर क्षैत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा पूर्व नगर पालिका कपासन उपाध्यक्ष विनोद बारेगामा एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा कराकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुवे उत्साह के साथ जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य चंद्रेश्वर सिंह, दीपक जैन,पवन न्याती,भेरूलाल गाडरी,मजिद भिश्ती,रमेशचंद्र भांड,भगवानलाल तेली,कन्हैयालाल कच्छावा आदि कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## अमर शहीद हेमू कालानी का साहस और त्याग युवाओं के लिए प्रेरणा : विधानसभा अध्यक्ष

### शाहपुरा में स्मारक एवं मूर्ति का अनावरण, समारोह में उमड़ा जनसैलाब



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अमर शहीद हेमू कालानी भारत के सबसे कम उम्र के स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे, जिनका साहस और त्याग आज भी देश के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। यह स्मारक उनके बलिदान की अमर गाथा को संजोएगा और आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रभक्ति का संदेश देगा।

देवनानी मंगलवार को जिले के एक दिवसीय दौरे पर शाहपुरा स्थित सिंधी कॉलोनी में अमर शहीद हेमू कालानी के स्मारक एवं मूर्ति अनावरण समारोह में आमजन को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम महाराज के सानिध्य में नगर पालिका शाहपुरा और पूज्य सिंधी पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। अपने संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हेमू कालानी न केवल एक मेधावी छात्र थे, बल्कि कुशल तैराक, साइकिल चालक और धावक भी थे। 19 वर्ष की आयु में देश के लिए फांसी के फंदे का वरण करना राष्ट्रधर्म के निर्वहन का सर्वोच्च उदाहरण है। उन्होंने कहा कि शहीदों के जीवन दर्शन यह संदेश देते हैं कि आजादी की लड़ाई के क्रांतिकारी योद्धा स्वतंत्रता का उपहार देने के लिए ही जन्म लेते हैं। समारोह में स्थानीय विधायक लालाराम बेरवा, शहीद हेमू कालानी के मुंबई से पधारे परिवारजन कमला कालानी, सुरेश कालानी, नरेश कालानी, नगर पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, कार्यक्रम संयोजक मूलचंद पेशवानी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति और पुष्पांजलि अर्पण कर शहीद को नमन किया गया।

## वैभव माहेश्वरी ने सीएमए इंटर में देशभर में 45वीं रैंक हासिल कर बढ़ाया जिले का मान



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** सीएमए इंटर जून 2025 परीक्षा परिणाम में भीलवाड़ा के होनहार छात्र वैभव माहेश्वरी ने ऑल इंडिया 45वीं रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। राधे नगर निवासी वैभव (पुत्र - श्रीमती गायत्री कासट एवं श्री रमेशचंद्र कासट) ने इस उपलब्धि से परिवार, गुरुजनों और जिले को गौरवान्वित किया। वैभव ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और परिवार के निरंतर मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद को दिया।

उन्होंने सीए इंटर और सीएमए इंटर, दोनों ही कठिन प्रोफेशनल परीक्षाओं की तैयारी एक साथ की, जो उनके दृढ़ निश्चय, अनुशासन और समय प्रबंधन का परिचायक है। सीए इंटर की प्रारंभिक तैयारी वैभव ने पुणे से की, जहाँ विषय विशेषज्ञों से उन्हें मार्गदर्शन मिला। परीक्षा से कुछ माह पूर्व वे घर लौटकर पूर्णतः स्वअध्ययन में जुट गए। इससे पहले वे सीए इंटर परीक्षा में भी भीलवाड़ा जिले में चौथे स्थान पर रह चुके हैं।

भविष्य की योजना साझा करते हुए वैभव ने बताया कि वे सीए फाइनल की आर्टिकलशिप मुंबई से करेंगे, ताकि देश के अग्रणी प्रोफेशनल्स के साथ काम कर अपने करियर को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा सकें।

## महिलाओं ने हाईवे लिंक रोड पर लगाया एक घंटे का जाम

### पुलिस की समझाइश के बाद खुला मार्ग, पानी निकासी पर स्थायी समाधान का आश्वासन



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां ( टी.आर. सैनी )।** कस्बे के वार्ड 12 में खराब रास्ते की मरम्मत को लेकर पालिका द्वारा झीकरा डलवाया जा रहा था। यह आम रास्ता लंकाहाली के झोपड़ा से होते हुए खानपोल दरवाजा तक जाता है। वेस्टवियर का पानी भरने से यह मार्ग लंबे समय से खराब था। मंगलवार दोपहर पानी निकासी को लेकर विवाद हो गया, जिससे आक्रोशित महिलाओं ने हाईवे लिंक रोड पर कांटों की बाड़ लगाकर जाम कर दिया।

सूचना मिलने पर नैनवां थाने से हेड कांस्टेबल पहलाद मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और महिलाओं को समझाइश दी।

महिलाओं ने बताया कि वर्षों बाद पालिका ने इस रास्ते की सुध ली है, लेकिन पानी निकासी का समाधान न होने से दिक्कत बरकरार है। उन्होंने मांग की कि प्रशासन पाइप डालकर स्थायी समाधान करे और विवाद कर रहे पक्षों को समझाए। पुलिस ने पानी निकासी के लिए तय स्थान से निकालने की बात कही, लेकिन दोनों पक्ष सहमत नहीं हुए। मामला उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया गया और बुधवार को पालिका प्रशासन की मौजूदगी में स्थायी समाधान का आश्वासन दिया गया। इसके बाद महिलाओं ने जाम हटाया।

#### एक घंटे तक रहा जाम

अंधेरी गली के नाम से प्रसिद्ध इस रास्ते में रायसागर के रिसाव का पानी भर जाने से लोगों को लंबे समय से परेशानी हो रही थी।

झीकरा डाले जाने के बाद पानी निकासी पर विवाद बढ़ा और महिलाओं ने करीब एक घंटे तक जाम लगाया, जिससे दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई।

## जजावर में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

### सात दिवसीय आयोजन की पूर्णाहुति 18 अगस्त को होगी



बढ़ता राजस्थान

**जजावर ( पदम शाह )।** कस्बे के नागर धाकड़ समाज द्वारा आज सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा पुराने बस स्टैंड स्थित बालाजी धाम से प्रारंभ होकर डीजे के मधुर भजनों की गूंज के बीच मुख्य मार्गों से होती हुई नागर धाकड़ समाज के चारभुजा नाथ मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई।

कलश यात्रा में सबसे आगे धर्म ध्वज अधर्म के नाश का संदेश देते हुए लहरा रहा था, वहीं एक पुण्यार्जक अपने सिर पर श्रीमद्भागवत जी को धारण किए चल रहा था। आकर्षक परिधानों में सजी महिलाएं सिर पर मंगल कलश लिए मंगल गीत गाती हुई यात्रा का मुख्य आकर्षण बनीं।

कार्यक्रम से जुड़े कैप्टन रामेश्वर नागर ने बताया कि कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक पं. राजेंद्र शास्त्री श्यामपुरा द्वारा किया जाएगा। आयोजन की पूर्णाहुति 18 अगस्त को होगी। आज के कार्यक्रम में नंदकिशोर धाकड़, रामचरण नागर, रामराय नागर, पवन नागर, रामदेव, पूर्व उपसरपंच मोतीशंकर नागर सहित समाज के कई लोग उपस्थित रहे।

## बाल विवाह मुक्त राजस्थान अभियान के तहत जागरूकता गतिविधि आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** राजस्थान सरकार द्वारा बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए संचालित बाल विवाह मुक्त राजस्थान अभियान के तहत, अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन ग्राउंड में विशेष जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के निर्देशानुसार किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई और उन्हें विस्तृत जानकारी दी गई।

बच्चों को बताया गया कि बाल विवाह की घटना रोकने के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना दी जा सकती है, और सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण इकाई की संरक्षण अधिकारी अनुराधा तोलंबिया, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के परियोजना समन्वयक हेमंत सिंह सिसोदिया तथा सुपरवाइज़र राधेश्याम गुर्जर ने बच्चों को बाल विवाह के दुष्परिणाम और इसके विरुद्ध उठाए जाने वाले कदमों के बारे में जानकारी प्रदान की।

## भाजपा जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने की जिला कार्यकारिणी की घोषणा

### 34 जिला पदाधिकारी एवं 69 कार्यकारिणी सदस्य किए मनोनीत

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की अनुशंसा से जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने 103 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिनमें 34 जिला पदाधिकारी एवं 69 कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किए है। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने जिला कार्यकारिणी में 34 पदाधिकारी मनोनीत किए है। जिनमें विशाल गुरूजी, श्रीमति मंजू चैचाणी, गोपाल तेली, अमर सिंह चौहान, कल्पेश चौधरी, अशोक तलाईच, कुलदीप शर्मा को उपाध्यक्ष,, अविनाश जीनगर, प्रहलाद त्रिपाठी, कन्हैया लाल जाट को महामंत्री, श्रीमती कांता जोशी, राजेन्द्र बोहरा, श्रीमति आरती कोगटा (त्रिपाठी), लादुलाल जाट, श्रीमति ललिता कंवर, सुरेन्द्र सिंह मोटरास, श्रीमति किस्मत गुर्जर, मांगी लाल गुर्जर को मंत्री बनाया गया है। इसी प्रकार जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया, मनोज बुलानी, श्रीमति अभिश्रुता टांक, भूपेन्द्र सिंह बिलिया, मीडिया संयोजक महावीर समदानी, आईटी संयोजक अजय नौलखा, सहसंयोजक कुलदीप माथूर, सोशल मीडिया संयोजक श्रीमति रागिनी गुप्ता, सहसंयोजक आकाश मालावत, महेन्द्र नायक, प्रकोष्ठ संयोजक बाबूलाल आचार्य, नन्दकिशोर राजपुरोहित को मनोनीत किया गया है।

## राष्ट्रभक्ति गीतों के साथ तिरंगा यात्रा




बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** कपासन में राष्ट्रभक्ति गीतों के साथ तिरंगा यात्रा का आयोजन सुनील कुमार डभाड़ीया कपासन -हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल कपासन द्वारा मंगलवार को नगर के मुख्य मार्गो से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा संयोजक एवं भाजपा नगर कपासन मंडल महामंत्री अशोक विजयवर्गीय ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष रतनलाल गाडरी एवं पूर्व भाजपा प्रदेश मंत्री अशोक चंडालिया, भाजपा नगर कपासन मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया द्वारा नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी कि अगुवाई में आयोजित तिरंगा यात्रा को पताका दिखाकर रवाना किया गया।उक्त तिरंगा यात्रा नगर के लक्ष्मीनाथ मंदिर से प्रारंभ होकर सदर बाजार, गांधी चौक, खारी बावड़ी बालाजी, सुखाडिया मार्केट,पुराना बस स्टैंड एवं पांचबत्ती चौराहा से नगर पालिका पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान कार्यकर्ताओ द्वारा राष्ट्रभक्ति से प्रेरित गीत की धुनों पर हाथों में तिरंगा झंडा लहराते हुवे उत्साहपूर्वक तिरंगा यात्रा में भाग लिया गया। इस मौके पर नगर पालिका उपाध्यक्ष एजाज अली, ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ पार्षद नंदकिशोर टेलर, मंडल महामंत्री सोहन खटीक, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गजेंद्र बागमार, अशोक शर्मा, शंकर चंदेल, भाजयुमो कपासन अध्यक्ष विकास बारेगामा, किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष अरुण कोदली, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय सोनी,पूर्व पार्षद सत्यनारायण पलोड, नगर पालिका कपासन पार्षद सुनीता शर्मा, मुकेश पलोड़, महबूब शाह, गोपाल पुर्बीया, मंडल उपाध्यक्ष दिनेश सोनी, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष विजयश्री सिरोया, पूर्व नगर पालिका पार्षद सुनीता सांवला, बलजीत कौर, पूर्व पार्षद अमरजीत कौर, विनोद कंवर, सीमा वैष्णव, राज विजयवर्गीय, तरुण बारेगामा, बूथ अध्यक्ष हसमुख टेलर, भरत विजयवर्गीय, विजय शर्मा आदि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष बबलू प्रजापति का भव्य स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भुसावर उपखंड क्षेत्र के अरावली पर्वत श्रेणियों के काला पहाड़ की तलहटी में बसे गाँव बबेखर में दक्ष प्रजापति समाज नवयुवक मंडल की ओर से रैली एवं नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तेज सिंह बगेनिया रहे तथा अध्यक्षता वीरेंद्र समुचिया खौखर ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष द्वारा फीता काटकर रैली के साथ हुआ। सर्वसम्मति से निर्वाचित मंडल अध्यक्ष बबलू प्रजापति के मनोनयन के उपरांत समाज के बुजुर्गों ने उन्हें बाल एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तेज सिंह बगेनिया ने समाज में व्याप्त कुरीतियों के सुधार, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने तथा युवाओं में शिक्षा के प्रति प्रतिस्पर्धा लाने पर बल दिया। उन्होंने युवाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। नवनियुक्त भुसावर विधानसभा मंडल अध्यक्ष बबलू प्रजापति ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रजापति समाज किसी भी क्षेत्र में बहुल्यता में नहीं है, जिसके कारण शिक्षा और सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने तहसील स्तर पर समाज के लिए छात्रावास हेतु राज्य सरकार से भूखंड उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों को तहसील मुख्यालय से जोड़ने के लिए बस सुविधा और अन्य संसाधन उपलब्ध कराने की बात कही। कार्यक्रम में ओम प्रकाश, कुलदीप, अर्जुन सहित नवयुवक मंडल की पूरी टीम ने शिरकत की। मंच संचालन सुभाष कैथवाडा ने किया।

# वृक्षारोपण की श्रृंखला में लगाए बोतल पॉम के पौधे

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** अखिल भारतीय शहीद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन, राजस्थान इकाई द्वारा बरसाती सीजन में चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान के तहत विभिन्न फलदार पौधों के साथ बोतल पॉम के पौधे भी लगाए जा रहे हैं। मंगलवार, 12 अगस्त 2025 को इसी क्रम में लालपुर रोड स्थित बनखंडी हनुमान मंदिर परिसर में बाबा नारायण दास के सानिध्य में अशोक नावरिया, मुकेश नावरिया, भगवान सिंह उर्फ भूरा सैनी सहित अन्य भक्तों ने पॉम के पौधों का रोपण किया।

इसी क्रम में राजकीय ए-श्रेणी पशु चिकित्सालय प्रांगण में चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विजय पहाड़िया के नेतृत्व में पशुधन प्रसार अधिकारी वेद प्रकाश शर्मा, शिव सिंह चौधरी, जन सुरक्षा कर्मी उपेंद्र पांडे, कंप्यूटर ऑपरेटर राकेश शर्मा, मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी गजेंद्र पांडे और कंप्यूटर ऑपरेटर कृष्ण कुमार उर्फ लाल मिश्रा की मौजूदगी में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राजस्थान प्रभारी अत्यंत पांडे ने बताया कि फाउंडेशन कई वर्षों से निरंतर वृक्षारोपण कार्य कर रहा है। इस वर्ष भी निर्धारित लक्ष्य से अधिक छायादार, औषधीय, फलदार एवं विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण जारी है। यह अभियान राजस्थान इकाई द्वारा सक्रिय रूप से संचालित किया जा रहा है।

राबाउमावि की नई पहल

# लोकतांत्रिक जागरूकता के लिए बाल संसद का गठन

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, भुसावर की ओर से लोकतांत्रिक गतिविधियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक नई पहल की शुरुआत की गई, जिसके तहत विद्यालय में बाल संसद कार्यकारिणी का गठन किया गया। प्रधानाचार्य श्रीमती शारदा यादव ने अध्यापक धाकड़, हुकम सिंह, जीवनलाल, रामकेश, लखन सैनी, स्वाती, सुमन सिंगल, राखी गुप्ता और अनीता कुमारी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान 14 प्रत्याशियों ने विधिवत नामांकन पत्र दाखिल किए। मतदान में विद्यालय की सभी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मतदान के उपरांत श्रीमती अनुपम गर्ग, दयाराम धाकड़, हुकम सिंह, उत्कर्ष जैन और जीवनलाल को मतगणना अधिकारी बनाया गया। मंगलवार, 12 अगस्त 2025 को हुई मतगणना में कक्षा 11 की छात्रा शोभा सैनी ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी मौली भारद्वाज को 34 मतों से हराकर जीत दर्ज की। प्रधानाचार्य शारदा यादव ने विजेता छात्रा शोभा सैनी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा, शहीदों को दी श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** स्वाधीनता दिवस से पहले भारतीय जनता पार्टी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और शहीदों के सम्मान में बाड़ी शहर में तिरंगा यात्रा निकाली। जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत और पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा के नेतृत्व में यात्रा राजराजेश्वरी कैला माता मंदिर से शुरू होकर प्रमुख मार्गों से होते हुए महात्मा गांधी पार्क पर समाप्त हुई। गिर्राज मलिंगा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को करारा जवाब देकर देश का गौरव बढ़ाया। राजावत ने नागरिकों से 15 अगस्त को हर घर पर तिरंगा फहराने की अपील की। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, स्कूली छात्रों, एनएसएस स्वयंसेवियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और शहर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

# एशिया अंडर 20 एबी स्पर्धा में भारतीय बालिका टीम ने कास्य पदक जीत बनाया तीसरा स्थान

बढ़ता राजस्थान




**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** एशिया अंडर-20 रग्बी प्रतियोगिता में भारतीय बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता पहली बार भारत के बिहार में आयोजित हुई। भारतीय टीम ने तीन लीग मैचों में से दो में जीत दर्ज की। कजाकिस्तान को 17-10 और यूएई को 31-07 से हराया। राजस्थान की भूमिका शुक्ला भारतीय टीम की कप्तान रहीं। उन्होंने दो ट्राई किए। राजस्थान की ही मुस्कान पिपलोदा एक ट्राई कर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। सेमीफाइनल में भारतीय टीम को चीन से हार मिली। इसके बाद हार्ड लाइन मुकाबले में भारत ने उज्बेकिस्तान को 12-05 से हराया। इस जीत में भी कप्तान भूमिका शुक्ला का प्रदर्शन शानदार रहा। उनकी कप्तानी में टीम ने तीसरा स्थान हासिल कर ने कांस्य पदक जीता। राजस्थान रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा, सचिव कुलदीप सिंह राजावत और राजसमंद सचिव नितिन तिवारी ने इस उपलब्धि को गर्व का विषय बताया। टीम की इस सफलता पर अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी चंद्रप्रकाश त्रिवेदी, ऑल इंडिया बॉक्सिंग चैंपियन अजय सोनी, पंकज कोठारी, अजितसिंह, गौरव कुमार, मंजीतसिंह राठौड़, विजेंद्र कुलदीप, कृष्णसिंह राठौड़, जितेंद्रसिंह, शीशराम सहित कई खेल संगठनों ने खुशी जताई। जिला शिक्षा अधिकारी बिहारीलाल, गिरिजाशंकर मिश्रा, उप जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. बालमुकुंद वैष्णव, शिवकुमार व्यास, मुख्य खंड शिक्षा अधिकारी नूतन प्रकाश जोशी, जयसिंह चुंडावत, मनोज भारद्वाज, अजय नरानिया, अनिल जिनगर, अभिषेक जोशी, राजेंद्र सुथार, इंद्रकुमार नरवानी, अभिषेक मनिहार, इंद्रदेव आचार्य, मीठालाल गावरिया, विनीत वेद, किशोर जोशी, जय नारायण पालीवाल, कुलदीप जोशी, गोपालसिंह शेखावत, ओमसिंह जोधा, जितेंद्र चौधरी, डॉ. ललित दाधीच, दीनदयाल त्रिवेदी, हेमसिंह, मनोज त्रिवेदी, मधुसूदन जोशी, हितेंद्रसिंह बल्ला, मनीष धाभाई, पुनीत उपाध्याय, सोनू प्रेम सिंह, सहित सभी ने टीम को बधाई दी। राजस्थान और खासकर राजसमंद में इस जीत पर खुशी का माहौल है। सभी ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# डांग के बाबू महाराज के लक्खी मेले को लेकर कमेटी ने सौंपा प्रशासन को ज्ञापन

## सड़क मार्ग को दुरस्त कराने के साथ बिजली,पानी और सुरक्षा की मांग

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के सोने का गुर्जा थाना क्षेत्र में स्थित कूदिन्ना के थुन थान पर बाबू महाराज के लक्खी मेले के आयोजन को लेकर मंगलवार को मेला कमेटी के पदाधिकारियों ने बाड़ी उपखंड अधिकारी, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन और बाड़ी सर्किल पुलिस अधिकारी को ज्ञापन सोपा है। जिसमें मांग की है कि बाबू महाराज के मंदिर को जाने वाले सड़क मार्गो को दुरुस्त कराया जाए,मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर अस्थाई पुलिस चौकी मेले में लगाई जाए साथ में बिजली, पानी की भी व्यवस्था की जाए। मेला कमेटी के अध्यक्ष मास्टर भगवान सिंह गुर्जर ने बताया कि हर वर्ष भादो मास के शुक्ल पक्ष की दौज को बाबू का लक्खी मेला डांग के को थून थान पर भरता है। जिसमें लाखों की संख्या में देशभर के दूरगामी स्थानों से श्रद्धालु आते हैं। इस बार यह मेला 23 अगस्त से 26 अगस्त तक चलेगा। ऐसे में मेला आयोजन को लेकर प्रशासन को अवगत कराया है। साथ में मांग की है कि मेले में आने वाले धौलपुर आठ मील के सड़क मार्ग,तालाबशाही-गजपुरा सड़क मार्ग और अन्य सड़क मार्गों को दुरुस्त कराया जाए। क्योंकि पिछले दिनों हुई भारी बारिश के चलते यह सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त हुए हैं। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हैं। साथ में सड़क किनारे कंटीली झाड़ियां उग आई है। वही मेला कमेटी के सचिव शीशराम और कोषाध्यक्ष राममुकुट गुर्जर ने एसडीएम भगवत शरण त्यागी को अवगत कराया कि जिस स्थान पर बाबू महाराज का मंदिर है। वहां बिजली,पानी की व्यवस्था नहीं है। पूर्व में लगा ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है। जिसे डिस्कॉम से दुरुस्त कराया जाए। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं मेला आयोजन को लेकर मंदिर पर अस्थाई चौकी स्थापित की जाए साथ में पुलिस जाप्ता भी मेले में तैनात किया जाए। इस दौरान वीरेंद्र पटवारी,रामहेत भगत,लाल सिंह भगत और कमेटी से जुड़े अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# तिरंगा रैली में उमड़ा जन सैलाब,एक किलोमीटर से अधिक लंबी रही रैली



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से मंगलवार को भुसावर उपखंड मुख्यालय गूंज उठा। स्वतंत्रता दिवस से पहले चल रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत 12 अगस्त को विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया, जिसने नगर में देशभक्ति का माहौल बना दिया। रैली का शुभारंभ श्री आर्य महिला विद्यापीठ से उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा ने हरी झंडी दिखाकर किया। स्वयं भी अग्रिम पंक्ति में रहकर उन्होंने रैली की अगुवाई की। यह रैली मेघा हाईवे से होते हुए रघुनाथ बाग, अंबेडकर पार्क, गणेश मंदिर, राजा मंडी, बड़ा मोहल्ला, इटामडा सपाट, बस स्टैंड और पोस्ट ऑफिस मार्ग से गुजरती हुई पीएम श्री जगन्नाथ पहाड़िया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में पहुंची, जहां राष्ट्रगान के साथ इसका समापन हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुनीता प्रकाश जाटव, अधिशासी अधिकारी सुरेश मीणा, विकास अधिकारी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सरिता मिश्रा, ए श्रेणी पशु चिकित्सालय प्रभारी डॉ. विजय पहाड़िया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान

## खाद्य पदार्थों के नमूने लिए, 3.50 क्विंटल दूषित मिठाई व 3 क्विंटल मावा नष्ट

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेशभर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि खाद्य सामग्री विक्रेता मिलावटी सामान का विक्रय न कर सकें। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत जिले में खाद्य पदार्थों के नमूने लेने के साथ-साथ मिलावटी व खराब खाद्य सामग्री को नष्ट किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त एवं जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी.टी. के निर्देशानुसार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा द्वारा गठित टीम ने विगत दो दिनों में जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों से 5 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए तथा 350 किलोग्राम दूषित मिठाई और 300 किलोग्राम खराब मावा नष्ट करवाया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि रामराज मावा निर्माता, जेल रोड धौलपुर से मावे के दो नमूने लिए गए और 70 किलो मिलावटी मावा मौके पर नष्ट कराया गया। कृष्णा फूड प्रोडक्ट, रिको से बर्फी का नमूना लिया गया तथा 350 किलोग्राम दूषित बर्फी नष्ट की गई।

वहीं, जलालुद्दीन मावा निर्माता, बोथपुरा से मावे का नमूना लिया गया और 300 किलोग्राम दूषित मावा नष्ट करवाया गया। उन्होंने बताया कि सभी नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर बाल विवाह मुक्त राजस्थान अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन

## सोशल मीडिया के नकारात्मक प्रभावों से युवाओं को बचाने की जरूरत

## युवा संस्कृति से दूर, सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की है ज़रूरतः कार्यशाला में चर्चा

बढ़ता राजस्थान




**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रयासों के तहत बाल विवाह मुक्त राजस्थान अभियान को लेकर जिला प्रशासन राजसमन्द के मार्गदर्शन में माय भारत राजसमन्द एवं करियर महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में देवगढ़ और आसपास के 20 गांवों के पचास से अधिक युवा शामिल हुए। कार्यशाला की मुख्य वक्ता राजस्थान की यूथ आइकॉन और सामाजिक कार्यकर्ता भावना पालीवाल रही। पालीवाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, एक बचपन जो खिलने से पहले मुरझा जाए, उससे बड़ा अन्याय कोई नहीं हो सकता। हमें बाल विवाह जैसी कुप्रथा को खत्म कर एक ऐसा राजस्थान बनाना है, जहाँ हर बच्चा अपने सपनों को पूरा कर सके। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने जीवन में महापुरुषों, ऋषिमुनियों और वीर योद्धाओं को अपना आदर्श बनाएं और समाज की भलाई के लिए निरंतर प्रयासरत रहें। कार्यक्रम में शामिल सभी युवाओं ने बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने और हर बच्चे को सुरक्षित, खुशहाल भविष्य देने का संकल्प लिया। उन्होंने इस बुराई के खिलाफ समाज में जागरूकता फैलाने तथा इसके विरुद्ध आवाज उठाने का संकल्प भी व्यक्त किया। कार्यशाला में अरीना, टीना, गजेंद्र सिंह, अजीत, मुकेश चंद्र, राजेंद्र सिंह, ऋतिक सेन, महेंद्र, सुनील, राघव वैष्णव, विवेक, जालम, सूरज, मोहब्बत सिंह, दिनेश, राहुल, नितिन, दिव्या कंवर, मोनिका, ललिता, सरिता, पूजा, हेमलता, यामिनी, ज्योति सहित कई अन्य युवाओं ने भी भाग लिया और अपनी भावनाएं साझा कीं।

# तिरंगा यात्रा और स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों की समीक्षा

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जिलेभर में देशभक्ति की भावना को जागृत करने के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और शहीदों के सम्मान में रविवार को बाड़ी में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत और पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा ने किया। यह यात्रा राज राजेश्वरी कैला माता मंदिर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई किला गेट स्थित महात्मा गांधी पार्क में संपन्न हुई। पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा ने इस अवसर पर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने न केवल पाकिस्तान को परास्त किया, बल्कि विश्व पटल पर भारत की प्रतिष्ठा को भी ऊँचा किया। जिलाध्यक्ष राजावत ने सभी नागरिकों से 15 अगस्त को हर घर तिरंगा लगाने की अपील की। तिरंगा यात्रा में भाजपा जिला महामंत्री मदन कोली, जितेंद्र तिवारी, मनोज गर्ग, अनिल गोयल, शबनम खान, योगेश जादौन, राजबहादुर मीणा, विशाल शर्मा, सचिन बंसल, रविंद्र मायादेवी, आकाश सेठ, नरेश यादव, प्रमोद परमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, विभिन्न स्कूलों के छात्र, एनएसएस स्वयंसेवक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इसी बीच, कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने हर घर तिरंगा अभियान के सफल आयोजन के लिए जन-जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कस्बों और गांवों में तिरंगा रैली, वाल पेंटिंग, रंगोली प्रतियोगिता और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया। एडीएम ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सुरक्षा, बैठक व्यवस्था, पेयजल, टेंट, साउंड सिस्टम, बैरिकेडिंग, मिठाई की टेस्टिंग, रोशनी और सफाई व्यवस्था समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को समारोह में सम्मानित किया जाएगा। बैठक में जिला परिषद के सीईओ ए. एन. सोमनाथ, उपखण्ड अधिकारी साधना शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# अवैध हथियार रखने के दो आरोपियों को दो-दो वर्ष का कारावास व जुर्माना

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** अवैध देसी कट्टे के मामले में न्यायालय ने दो अभियुक्तों को दो-दो वर्ष के कारावास और पांच-पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन अधिकारी पंकज शर्मा ने बताया कि भुसावर थाना पुलिस गश्त के दौरान अभियुक्त विजयसिंह पुत्र हरीसिंह तथा पुखराज पुत्र शेरसिंह, निवासी घुरसी, थाना सूरोठ, जिला करौली, के कब्जे से अवैध 315 बोर का देशी कट्टा बरामद किया गया। दोनों के पास इसका कोई वैध लाइसेंस नहीं था। इस मामले में 2014 में भुसावर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। अनुसंधान उपरांत पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत आरोप पत्र प्रस्तुत किया।

सभी साक्ष्यों के आधार पर न्यायिक मजिस्ट्रेट, भुसावर ने 12 अगस्त 2025 को दोनों आरोपियों को दो-दो वर्ष का कारावास और पांच-पांच हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई।

# कारिस देव बाबा मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## दर्जनभर स्थानों पर भंडारे

बढ़ता राजस्थान

**वैर ( नि.स. )।** अरावली की पहाड़ियों में स्थित गांव जहाज के कारिस देव बाबा मंदिर में चल रहे मेले में इन दिनों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालुओं की भोजन एवं अन्य सुविधाओं के लिए भामाशाहों ने दर्जनभर स्थानों पर भंडारे लगाए हैं।

बिजली घर चौराहे पर शिव शक्ति सेवा मंडल की ओर से लगाए गए भंडारे का शुभारंभ कुलदीप अग्रवाल, घमंडी मीना, भंवर सिंह, पदम सिंह मीणा और संतोष धाकड़ की मौजूदगी में हुआ। वहीं, नए बस स्टैंड के पास स्थित कृषि उपज मंडी समिति की ओर से विशाल भंडारा आयोजित किया गया, जहां मंडी अध्यक्ष भूरा चौधरी, सुरेश धाकड़, कालीचरण गर्ग और पदम मोरदा ने बताया कि यह भंडारा सोमवार से शुरू होकर बुधवार तक चलेगा, आवश्यकता पड़ने पर इसे आगे भी बढ़ाया जाएगा।

इस भंडारे में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए चाय, नाश्ता, दिन-रात का भोजन, दवाइयां और विश्राम की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार बयाना दरवाजा समेत अन्य स्थानों पर भी भंडारे लगाए गए हैं।

पंद्रह दिवसीय कारिस देव बाबा मेले का मुख्य आयोजन भाद्रपद कृष्ण पक्ष की तृतीया और चतुर्थी को होता है।

इन दिनों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, बुंदेलखंड, दिल्ली समेत कई क्षेत्रों से श्रद्धालु दर्शन और मनौती मांगने के लिए पहुंचते हैं।

मेले में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस व प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं, हालांकि रोडवेज राजस्थान राज्य परिवहन निगम की ओर से श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे कई श्रद्धालु निजी और अवैध वाहनों से जान जोखिम में डालकर मंदिर पहुंच रहे हैं।

# सुंदरकांड पाठ के साथ धार्मिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ

## एआईसीसी सचिव धीरज गुर्जर के जन्मदिवस पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव उत्तर प्रदेश के सहप्रभारी राजस्थान के पूर्व राज्य मंत्री धीरज गुर्जर के जन्मदिवस पर मंगलवार को बूंदी में साधु संतों की उपस्थिति में संगीतमय सुंदरकांड पाठ के साथ-साथ धार्मिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ हुआ।बालचन्दपाड़ा मंशापूर्ण गणेश जी मंदिर के पास व्यायाम शाला के बालाजी मंदिर पर बालाजी मित्र मण्डल की ओर से गणेश वंदना के साथ संगीतमय सुंदरकांड किया गया।

### साधु संतो का अभिनन्दन

इस अवसर पर राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक पीसीसी सदस्य चर्मेश शर्मा ने आयोजन में पधारे संत रामलखनदास महाराज,संत बाबा किशनदास महाराज कालपुरिया वाले,संत श्रवणदास महाराज,संत रोहितदास महाराज,संत घनश्यामदास महाराज,संत सागरदास महाराज का माल्यार्पण श्रीफल भेंटकर व रामजी का दुप्पटा ओढ़ाकर अभिनन्दन किया।

### सुंदरकांड पाठ में हुये शामिल

सुंदरकांड पाठ के पश्चात सभी ने श्रीरामचरितमानस और हनुमान जी की आरती की। आयोजन में जवाहर बाल मंच के प्रदेश समन्वयक राजीवलोचन गौतम,खोखो संघ के उपाध्यक्ष विजयंत सिंह आमेरा,पार्षद देवराज गोचर,पूर्व पार्षद रोहित बैरागी,पूर्व पार्षद अर्जुन डाबोडिया,शिखर पंचोली, सोनू सैनी,जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता प्रेमशंकर बैरवा,बार एसोशिएशन के उपाध्यक्ष नारायण सिंह गौड़,कुणाल पारीक,पीयूष शर्मा,अरिहंत मित्तल,दिव्यांशु वशिष्ठ,गौरव शर्मा,पंडित टीकम शास्त्री, आशुतोष सनाढ्य, देशी सनाढ्य समाज के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा, धनंजय शर्मा,सुंदरकांड वाचक पंडित आयुष शर्मा,पंकज शर्मा, लोकेश शर्मा शिवम तिवारी,युवराज सैनी,विवेक गुर्जर, दीपेश सैनी,नीरज सैनी सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी लोगो ने सुंदरकांड पाठ किया।

# रामगंजमंडी में छेड़छाड़ के आरोपी ससुर की गिरफ्तारी नहीं, पीड़िता ने शुरू किया धरना




बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी/कोटा ( प्रमोद राठौर )।** रामगंजमंडी में छेड़छाड़ और अश्लील हरकतों के मामले में आरोपी ससुर की गिरफ्तारी न होने से नाराज पीड़िता ने मंगलवार को परिजनों के साथ एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया खास बात यह है कि आरोपी ससुर की पत्नी खैराबाद पंचायत की प्रधान है इस कारण पीड़िता और परिजन सत्ता के दबाव में पुलिस की कार्रवाई पर खुलेआम सवाल उठा रहे हैं।

गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित पीड़िता और उसका परिवार ने मंगलवार को एसडीएम को ज्ञापन भी दिया।

### 2 अगस्त को दर्ज हुआ था मामला

पीड़िता के अनुसार शादी के बाद उसका पति जयपुर में पढ़ाई करता है और वह घर में अकेली रहती थी इस दौरान ससुर रात को कमरे में घुसकर छेड़छाड़ करता और अश्लील हरकतें करता था यहां तक कि नहाते समय भी झांकने की कोशिश करता था परेशान होकर पीड़िता ने यह बात पति और परिजनों को बताई लेकिन जब कोई हल नहीं निकला तो पीड़िता ने 2 अगस्त को रामगंजमंडी थाने में मुकदमा दर्ज करवाया

### पुलिस पर पक्षपात के आरोप

पीड़िता का कहना है कि केस दर्ज होने के बाद भी तीन दिन तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की 5 अगस्त को उसने परिजनों के साथ एसडीएम को ज्ञापन सौंपा लेकिन स्थिति जस की तस रही 7 अगस्त को अदालत में 164 के बयान दर्ज हुए इसके बाद भी पांच दिन बीत जाने के बावजूद आरोपी खुलेआम घूम रहा है परिजनों का आरोप है कि चूंकि आरोपी की पत्नी प्रधान है इसीलिए पुलिस सत्ता के दबाव में कार्रवाई करने से बच रही है।

# रामदेवरा जा रहे हैं यात्रियों का स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** कुशलगढ़ पंचायत से रामदेवरा जा रहे यात्रियों का का स्वागत कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा कॉलेज रोड स्थित बाबा रामदेव मंदिर पर किया गया। कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष कालू भील के नेतृत्व में रामदेवरा जा रहे कुशलगढ़ सरपंच लीला बाई,नंद लाल भील,बापू लाल,हर लाल भील,देवा मेघवाल,कान्हा भील सहित लगभग 50 यात्रियों के जत्थे का तिलक निकाल,माल्यार्पण कर,फलाहार वितरित किया गया। इस अवसर पर कालू लाल भील ने बताया कि बाबा रामदेव जी महाराज को कृष्ण का अवतार माना जाता है। इन्होंने अपना पूरा जीवन दलित समाज के उत्थान में लगा दिया। रामदेवरा मंदिर पर बाबा रामदेव जी महाराज के पद चिन्ह है जिनके दर्शन से हर इंसान के मनोकामना पूर्ण होती है। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष शंकर बुनकर,अल्पसंख्यक अध्यक्ष रशीद सागर,जिला महामंत्री मुन्ना तिवारी,पार्षद वंदना शर्मा,यूथ अध्यक्ष शंकर पुरोहित,सेवादल के फखरुद्दीन अंसारी,पारस गुर्जर,ब्लॉक प्रवक्ता अजय सोनी,तेजराज सिंह चुंडावत,पंडित ताराचंद,दुधाराम गुर्जर,संजय हाडा,मनप्रीत सिंह,राजू बंजारा,निजाम अंसारी,रमेश गुर्जर,जयेश मंडोवरा,दीपेश गुप्ता,सुरेश बुनकर सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।



**बूंदी। कजली तीज माता की सवारी में नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल ने पूजा अर्चना कर जुलूस को रवाना किया। जुलूस में वार्ड पार्षद नगर परिषद आयुक्त धर्मेंद्र कुमार मीणा भी मौजूद रहे।**

# आगामी दिनों त्योहारों के मध्यनजर कानून व्यवस्था पर रखें कड़ी नजर

## जिला कलक्टर ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( दामोदर सिंह )।** जिला कलक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला एवं उपखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कानून व्यवस्था, संपर्क पोर्टल, राइजिंग राजस्थान, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान रजिस्ट्री, गिरदावरी, आपदा राहत सहित विभिन्न मुद्दों पर समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी दिनों पर्व त्योहारों के मध्यनजर कानून व्यवस्था पर कड़ी नजर रखी जाए। आयोजित कर सभी मौजिज लोगों, धर्मगुरुओं से समन्वय स्थापित किया जाए। आने वाले दिनों में निकाले जाने वाले जुलूस इत्यादि के मार्ग का स्वयं निरीक्षण कर जहां कहीं सुधार की जरूरत हो तुरंत कराया जाए। विद्युत तारों को दुरुस्त कराया जाए और रैली जुलूस इत्यादि में लोहे के पाइप इत्यादि का प्रयोग वर्जित रखा जाए।

# अनंत चतुर्दशी शोभायात्रा की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

## आयोजन समिति एवं प्रशासन के बेहतर समन्वय से निकलेगी भव्य शोभायात्रा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( दामोदर सिंह )।** जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने कहा कि प्रतिवर्ष निकलने वाली अनंत चतुर्दशी की शोभायात्रा प्रदेश में ही नहीं देश में प्रसिद्ध है। इस शोभयात्रा के भव्य आयोजन के लिए आयोजन समिति, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं विभिन्न विभागों द्वारा समन्वय के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि इकोफ्रेंडली मेटेरियल उपयोग कर तैयार मूर्तियों का ही विसर्जन किया जाए ताकि नदी एवं तालाब का पानी प्रदूषित होने से बचाया जा सके। उन्होंने अनंत चतुर्दशी पर्व का आयोजन सौहार्द एवं भाईचारे के साथ करने की अपील की।

जिला कलक्टर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अनंत चतुर्दशी शोभायात्रा की तैयारियों के संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं आयोजन समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में कोटा शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम, आयोजन समिति अध्यक्ष साध्वी हेमा सरस्वती सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी, जिला प्रशासन के अधिकारी एवं शहर के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

### शोभायात्रा मार्ग की विजिट कर व्यवस्थाएं देखें

जिला कलक्टर ने कहा कि शोभायात्रा से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों की संयुक्त टीम शोभायात्रा के मार्ग की विजिट कर समस्त आवश्यकताओं के बारे में समिति पदाधिकारियों के साथ चर्चा करें। उन्होंने कहा कि आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं वॉलंटियर्स पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियो के साथ समन्वय रखें। उन्होंने कहा कि आयोजन से पहले संयुक्त टीम द्वारा शोभायात्रा मार्ग के निरीक्षण के दौरान समिति के पदाधिकारी साथ रहकर कमियों एवं व्यवस्थाओं के बारे में बताएं ताकि समय रहते सफल आयोजन के लिए व्यवस्था की जा सके। टीम के प्रत्येक सदस्य को उसकी जिम्मेदारी से अवगत कराया जाए।



जिला कलक्टर ने कहा कि शोभायात्रा के मार्ग पर पर्याप्त लाईटिंग हो और आवारा पशुओं का विचरण न रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, विसर्जन स्थलों पर एसडीआरएफ की प्रशिक्षित टीम एवं नावों की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। श्री समारिया ने शोभायात्रा के मार्ग पर बने गड्ढे, नालियां आदि कवर करने एवं झूलते हुए तार कसने के निर्देश दिए। साथ ही, मलबे या बिल्डिंग मटेरियल को भी हटवा कर शोभायात्रा का मार्ग साफ रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय से अनंत चतुर्दशी शोभायात्रा का आयोजन कर कोटा की अलग पहचान कायम करें।

कोटा शहर एसपी तेजस्वनी गौतम ने कहा कि पुलिस अधिकारियों, प्रशासन एवं आयोजन समिति पदाधिकारियों का बेहतर समन्वय हो ताकि आयोजन को सफल बनाया जा सके। उन्होंने शोभायात्रा मार्ग की विजिट कर सुरक्षा की दृष्टि से जिन कार्यों को किया जाना है उनकी सूची बनाने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दिलीप कुमार सैनी ने कहा कि शोभायात्रा में शामिल अखाड़ों द्वारा खतरनाक स्टंट नहीं किए जाएं। आयोजन समिति इस संबंध में सभी अखाड़ों के संचालकों को पाबंद करे ताकि किसी तरह की दुर्घटना का भय नहीं रहे।

# कजरी तीज के पावन अवसर पर दुगारी स्थित हवेली में बड़े हर्षोल्लास से तीज का त्यौहार मनाया गया



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** बूंदी में स्थित दुगारी हवेली से जुड़े हुए राजेंद्र सिंह ने बताया कि तीज का इतिहास बहुत पुराना है। बूंदी के अंदर बहुत समय पहले गणगौर की सवारी निकला करती थी और जैत सागर झील में गणगौर का पर्व मनाया जा रहा था लेकिन हाथियों ने उस पर अटैक कर दिया और उसके फलस्वरुप गणगौर सहित कई राजपूत उसमें डूब गए। इस समय से बहुत प्राचीन कहावत प्रचलित हुई। गणग 'हाडा ले डुबियो गणगौर' उसी समय से इन प्रभु को मनाने की रोक लग गई। बूंदी दरबार उम्मेद सिंह के पुत्र जैत सिंह, बहादुर सिह गोठडा व सरदार सिहं जी दुगारी थे। दूसरे पुत्र बहादुर सिंह गोठड़ा के पुत्र बलवंत सिंह जयपुर में तीज देखने गए थे जिस समय राजस्थान की सबसे प्रसिद्ध तीज जयपुर की थी। इस समय उनके साथियों ने याद दिलाया कि हुक्म अपने बूंदी में इस तरह की कोई सवारी नहीं निकाली जा सकती है। इस समय यह प्रचलन था कि अगर तीज को लूट कर लाया जाता है तो एक बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जाती थी इसी समय बलवंत सिंह ने साथियों को आदेश दिया की जयपुर की तीज को लूटकर बूंदी लाया जाए। उसी समय जयपुर और बूंदी के गोठड़ा राजा बलवंत सिंह के बीच युद्ध हुआ और यह सवारी जयपुर से लौटकर गोठड़ा बूंदी में लेकर आ गए और जब तक बलवंत सिंह जी जिंदा रहे तब तक गोठड़ा में सवारी निकाली जाती रही लेकिन उनके गुजर होने के बाद उनके कोई वारिस नहीं था और गोठड़ा को बूंदी में ही माना जाता था इस कारण तीज की सवारी बूंदी में आ गई और फिर बूंदी में तीज की सवारी निकाला जाना प्रारंभ हो गया।

# शम्भूपुरा में 60 करोड़ की 50.49 हैक्टेयर की भूमि अतिक्रमण मुक्त

## केडीए की अतिक्रमण पर कार्रवाई के दौरान हिंसक झड़प में दो पुलिसकर्मी सहित पांच घायल



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा नान्ता थाना क्षेत्र के शंभूपुरा गांव स्थित बेश कीमती जमीन को मुक्त कराने की कार्रवाई की गई 50.49 हेक्टर भूमि की बाजार कीमत 60 करोड रुपए आंकी जा रही है। केडीए सचिव कुशल कोठारी ने बताया की ग्राम शम्भूपुरा में कोटा विकास प्राधिकरण की खसरा संख्या 160 (27.18 हैक्टेयर) एवं खसरा संख्या 184 (23.31 हैक्टेयर) कुल 50.49 हैक्टेयर भूमि पर कच्चे-पक्के मकान, पत्थर के कोट आदि के रूप में कर लिये गए थे। जिसे मंगलवार को अतिक्रमण को हटाकर भूमि को मुक्त कराया गया। उक्त भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 60 करोड़ है।।

यह कार्रवाई आयुक्त, कोटा विकास प्राधिकरण हरफूल सिंह यादव के निर्देशन,एवं पुलिसअधीक्षक, कोटा शहर द्वारा उपलब्ध कराए गए पर्याप्त पुलिस बल की उपस्थिति में की गई।5 जेसीबी मशीनों की सहायता से अतिक्रमण हटाने का कार्य संपन्न हुआ। स्थानीय लोगों ने किया भारी पथराव पुलिस ने छोड़े आंसू गेस के गोले।।कार्यवाही के दौरान 20-25 स्थानीय व्यक्तियों द्वारा पथराव किया गया, जिसमें जेसीबी मशीनों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए तथा कुछ पुलिस जवान एवं होमगार्ड घायल हुए। घायल जवानों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया तथा पथराव करने वालों के विरुद्ध राजकार्य में बाधा एवं राजकीय संपत्ति को नुकसान पहुँचाने के प्रकरण में थाना नान्ता में प्राथमिकी दर्ज की गई है। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार श्री सुरेन्द्र शर्मा, श्री हिम्मत सिंह राव, पुलिस उपाधीक्षक गंगा सहाय शर्मा, लोकेन्द्र पालीवाल, थाना नान्ता भीमगंजमंडी, रेलवे कॉलोनी, उद्योग नगर एवं विज्ञान नगर के थानाधिकारी मौके पर मौजूद रहे। प्राधिकरण का जाप्ता, पुलिस बल,अभिलेख निरीक्षक मुरलीधर पारेता, हरीश गुप्ता, भवानीशंकर कारपेंटर, पटवारी रामनिवास मेघवाल, अमित कुमार, हितेश माहेश्वरी, तथा तकनीकी शाखा से अधिशासी अभियंता

# शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा बूंदी ग्रामीण का चुनाव निर्विरोध संपन्न, मनोज जैन बने अध्यक्ष,भगवान सहाय शर्मा बने मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा बूंदी ग्रामीण का वार्षिक चुनाव महारानी बालिका राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बूंदी में संपन्न हुआ। इस बार सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव हुआ। चुनाव अधिकारी शिवशंकर मेहरा एवं पर्यवेक्षक मानसिंह गुर्जर के निर्देशन में चुनाव संपन्न हुआ।

### इनका हुआ निर्वाचन

अध्यक्ष मनोज जैन, मंत्री भगवान सहाय शर्मा, महिला मंत्री निधि नामा, कोषाध्यक्ष सुरेश चौधरी, सभाध्यक्ष हेमराज ओड, उपसभाध्यक्ष हेमराज शर्मा एवं कैलाश पालीवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिवाकर जोशी, उपाध्यक्ष (पुरुष) महावीर सोनी, उपाध्यक्ष (महिला) नीलम माथुर, प्रधानाचार्य प्रतिनिधि अजय जैन, व्याख्याता प्रतिनिधि कपिल विजयवर्गीय, शारीरिक शिक्षक प्रतिनिधि जगदीश सिंह हाड़ा, अध्यापक प्रतिनिधि पार्थ जोशी



सहित कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किए गए।

### ये चुने गए जिला महासमिति सदस्य

राजेश कच्छावा, मुकेश कुमार शर्मा, हेमराज ओड, सुरेश बैरागी, राजेश शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, रवि गौतम, उदय लाल मीणा, योगेश मीणा, सुरेंद्र कुमार तिवारी, सुरेंद्र शर्मा, प्रदीप शर्मा, मोनू शर्मा, चंद्रप्रकाश नामा, रामराज बराला, गजानंद कहार, वैभव शर्मा, सुरेश शर्मा, योगेश सोनी, दिवाकर जोशी, अजय जैन, सुरेश चौधरी, टीकमचंद सैनी, गायत्री नागरानी, हरगोविंद धाभाई, कमल गौतम, अतुल शर्मा, मोहित कुमार जैन, राम प्रताप सिंह, महावीर सोनी, रमेश कुमार जैन, शिवभूषण स्वर्णकार, अमिका गौतम, मनोज कुमार शर्मा, राकेश शर्मा, मीनाक्षी शर्मा, गुलाब शंकर व्यास, आशा चौधरी, लीला सोनी, सुमित्रा गुर्जर, दीपा उदयवाल, कमलेश शर्मा, दीपमाला गौतम, नीलम माथुर, पृथ्वी सिंह राजावत, लखन कुमार, किशन लाल माली, भूपेंद्र सिंह राणावत, और आशीष शर्मा निर्वाचित हुए। जिला अध्यक्ष प्रदीप यादव ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए संगठन की रीति नीति के अनुसार कार्य करने की अपील की। पूर्व अध्यक्ष वैभव शर्मा ने सफलतापूर्वक निर्विरोध चुनाव सम्पन्न करवाने पर उपशाखा के कार्यकर्ताओं और चुनाव अधिकारी व पर्यवेक्षक का आभार व्यक्त किया।

# 3 दिन में चालू होगी अमजार नदी की पुरानी पुलिया

## 2 दिन बाद मंत्री दिलावर करेंगे निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**ढ़ाबादेह/कोटा ( मंगलसिंह )।** दरा अमजार नदी की पुलिया में दरार आने के कारण पिछले दिनों प्रशासन द्वारा भारी वाहनों के ट्रैफिक को बंद कर दिया गया था। जिसके चलते दरा मार्ग का यातायात काफी प्रभावित हो गया था। ट्रैफिक की समस्या को देखते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निर्देश पर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर जिला कलेक्टर पीयूष सामरिया कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट डायरेक्टर संदीप अग्रवाल के साथ अमजार पुलिया का निरीक्षण किया था जिसके बाद पुरानी रियासत कालीन पुलिया का काम चालू करने के निर्देश दिये गये थे। वहा मोजूद पुलिया का काम करने वाली कंपनी दिलीप बिल्ड कोन डीबीसी के इंजीनियर अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि तीन चार दिन के अंदर नीचे वाली पुलिया को भारी वाहनों की ट्रैफिक के लिए चालू करने की पूरी कोशिश करेंगे और जल्दी ही यातायात को सुगम बनाने का प्रयास करेंगे। शिक्षा पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर 14 अगस्त को अमजार नदी के पुल का निरीक्षण करेंगे।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# झाड़-फूंक के चक्कर में गई मां-2 बच्चों की जान

## सोते समय कॉमन करैत सांप ने डसा; 5 घंटे बाद अस्पताल लेकर पहुंचे परिजन



बढ़ता राजस्थान

**बारां।** बारां में झाड़-फूंक के चक्कर में मां और 2 बच्चों की मौत हो गई। तीनों को मंगलवार सुबह 5 बजे सोते समय कॉमन करैत सांप ने डस लिया था। चिल्लाने पर परिजन दौड़कर पहुंचे तो उनके मुंह से झाग निकल रहा था और सांस लेने में परेशानी हो रही थी। इसके बाद परिजन तीनों को झाड़-फूंक के लिए एक स्थान पर ले गए थे, जहां उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। करीब 5 घंटे बाद परिजन तीनों को अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी। मामला शाहाबाद के केलवाड़ा थाना इलाके का है।

### रक्षाबंधन पर बेटा-बेटी के साथ पीहर आई हुई थी महिला

एसएचओ मान सिंह मीणा ने बताया- रमेश बलाई निवासी महोदरा की बेटी पिंकी (30) पत्नी ब्रजेश निवासी शिवपुरी (मध्य प्रदेश) रक्षाबंधन का त्योहार मनाने अपने पीहर आई हुई थी। सोमवार रात को पिंकी अपने बेटे प्रिंस (7) और बेटी नेहा (5) के साथ सो रही थी। मंगलवार सुबह करीब 5 बजे तीनों को जहरीले सांप ने डस लिया, जिससे तीनों की तबीयत बिगड़ने लगी। उन्होंने बताया- तबीयत बिगड़ने पर तीनों चिल्लाने लगे तो आवाज सुनकर परिजन कमरे में पहुंचे तो तीनों के मुंह से झाग निकल रहा था। कमरे में देखा तो कॉमन करैत सांप दिखाई दिया। परिजनों ने लाठी से सांप को मार दिया। परिजन तीनों को केलवाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया।

### तीनों के मुंह से झाग निकल रहा था

रमेश बलाई ने बताया- बेटी और उसके 2 बच्चे रक्षाबंधन पर गांव आए हुए थे। इसको लेकर घर में खुशी का माहौल था। सोमवार रात को खाना खाने के बाद सभी लोग अपने-अपने कमरे में सोने के लिए चले गए। सुबह करीब 5 बजे चिल्लाने की आवाज सुनकर मैं कमरे में पहुंचा तो तीनों के मुंह से झाग निकल रहा था। जहर के असर से तीनों को सांस लेने में परेशानी हो रही थी।

# मध्य प्रदेश के कूनो से राजस्थान आया चीता

## स.माधोपुर के गांव में बकरी का किया शिकार

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर।** मध्य प्रदेश के कूनो से एक मादा चीता राजस्थान आ गई। मादा चीता ज्वाला 130 किलोमीटर दूर सवाई माधोपुर जिले के बालेर गांव पहुंच गई और यहां एक बाड़े में बकरी का शिकार कर लिया। मंगलवार सुबह 6 बजे ग्रामीणों ने बाड़े में चीता को देखा तो टाइगर रिजर्व टीम को सूचना दी। चीता के एग्रेसिव होने कारण वन विभाग की टीम रेस्क्यू नहीं कर पाई। इसके बाद कूनो नेशनल पार्क के अधिकारियों को जानकारी दी गई। कूनो नेशनल पार्क की टीम सुबह करीब 10 बजे बालेर गांव पहुंची और 15 मिनट में ज्वाला को ट्रैंकुलाइज कर कूनो ले गई। सवाई माधोपुर का बालेर गांव मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले से सटा हुआ है।

### चंबल किनारे होते हुए बालेर गांव पहुंची मादा चीता

वन विभाग के अनुसार, मादा चीता ज्वाला के गले में रेडियो कॉलर लगा है। रविवार को ज्वाला श्योपुर जिले के मानपुर क्षेत्र में एक शावक के साथ नजर आई थी। सोमवार को वह अपने शावक से अलग हो गई और चंबल किनारे होते हुए बालेर गांव में पहुंच गई। सुबह जब ग्रामीणों ने बकरियों के बाड़े में चीता को देखा तो वे हैरान रह गए। गांव में जब इसके बारे में पता चला तो भीड़ एकत्रित हो गई। बालेर रेंज से नरेश गोदारा और उनकी टीम ने रेस्क्यू का प्रयास भी किया, लेकिन मादा चीता के एग्रेसिव होने के कारण रेस्क्यू नहीं हो पाया। इसके बाद रणथंभौर टाइगर रिजर्व के अधिकारियों ने कूनो नेशनल पार्क के अधिकारियों को चीता के बारे में सूचना दी। कूनो नेशनल पार्क की टीम सुबह करीब 10 बजे बालेर गांव पहुंची और 11 बजे रेस्क्यू शुरू किया। टीम करीब 15 मिनट में ज्वाला को रेस्क्यू कर कूनो ले गई।

# नूंह में पथराव, बाइक-दुकानें फूंकी

## कांच की बोतलें फेंकीं, 10 घायल; दो युवकों के मामूली विवाद पर भड़की हिंसा

बढ़ता राजस्थान

**नूंह।** हरियाणा के नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका में मंगलवार शाम को 2 पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान छतों से पथराव हुआ, कांच की बोतलें फेंकी गईं। इसके साथ ही एक बाइक को आग के हवाले कर दिया गया। लोगों ने दुकानों में भी आग लगा दी। इसमें करीब 10 लोग घायल हुए हैं। हालात संभालने के लिए राजस्थान बॉर्डर के थानों की पुलिस भी बुलानी पड़ी। इसके बाद भी मामला शांत नहीं हुआ। इलाके में काफी संख्या में पुलिसबल तैनात है। झगड़े का कारण अलग-अलग समुदाय के दो युवकों के बीच हुई मामूली बहस थी, जिसने हिंसा का रूप ले लिया।

'राइजिंग राजस्थान' एमओयू समीक्षा बैठक

# वैश्विक पटल पर राजस्थान की बिजनेस फ्रेंडली स्टेट के रूप में बन रही पहचान : सीएम भजनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान अपनी भौगोलिक स्थिति, खनिज सम्पदा ऊर्जा क्षमता और निवेश अनुकूल नीतियों के कारण वैश्विक पटल पर बिजनेस फ्रेंडली स्टेट के रूप में नई पहचान बना रहा है। राज्य सरकार द्वारा गत वर्ष आयोजित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत राज्य में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हुए। इनके धरातल पर मूर्त रूप लेने से प्रदेश में बुनियादी ढ़ांचे का विकास होने के साथ ही वृहद् स्तर पर रोजगार का सृजन होगा। श्री शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए निवेश समझौतों की ग्राउंड ब्रेकिंग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह समिट केवल एक आयोजन ही नहीं, बल्कि राज्य की सतत् विकास प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास निवेश, नवाचार और समावेशी विकास के क्षेत्र में प्रदेश के विकास को नई गति देना है।

### भूमि आवंटन सहित अन्य कार्यों में लाए तेजी

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एमओयू से संबंधित भूमि आवंटन सहित अन्य कार्यों में भी तेजी लाते हुए सभी एमओयू को समयबद्ध रूप से धरातल पर मूर्तरूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि निवेशकों द्वारा चाही गई लोकेशन पर जमीन उपलब्ध ना होने की स्थिति में उन्हें आस-पास के क्षेत्र में वैकल्पिक जमीन दिखाई जाए। श्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान के विकास के लिए हर एक निवेश एमओयू महत्वपूर्ण है। जिलों में स्थानीय स्तर पर होने वाले कम राशि के एमओयू के क्रियान्वयन से कई लोगों को रोजगार मिलता है और ऐसे छोटे निवेश मिलकर बड़े निवेश का आधार बनते हैं। उन्होंने जिला कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि ऐसे एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि निवेशकों से लगातार संपर्क में रहते हुए समय-समय पर कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक भी करें।



### दिसम्बर माह में होगा राइजिंग राजस्थान पार्टनरशिप कॉन्क्लेव-

बैठक में राजधानी जयपुर में दिसम्बर माह में प्रस्तावित राइजिंग राजस्थान पार्टनरशिप कॉन्क्लेव-2025 के आयोजन की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि कॉन्क्लेव में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के दौरान हुए एमओयू की क्रियान्विति से प्रदेश के औद्योगिक एवं आर्थिक परिदृश्य में आए बदलावों के बारे में निवेशकों को विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय, गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट और मल्टीलेटरल आधार पर निवेश साझेदारी विकसित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कॉन्क्लेव में युवा, महिला और किसानों पर आधारित सत्रों का भी विशेष रूप से आयोजन किया जाए। साथ ही एक जिला एक उत्पाद संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई जाए। बैठक में मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे तथा विभिन्न जिला कलेक्टर्स वीसी के माध्यम से बैठक से जुड़े।

### खनन और पर्यटन क्षेत्र राजस्थान के विकास का इंजन

मुख्यमंत्री ने कहा कि खनन और पर्यटन क्षेत्र राजस्थान के विकास का इंजन है। हमें इन क्षेत्रों में प्रगति की और अधिक संभावनाओं को तलाशना चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि दिसम्बर माह में होने वाली राइजिंग राजस्थान पार्टनरशिप कॉन्क्लेव से पहले खनन, पेट्रोकेमिकल और पर्यटन को लेकर प्री-समिटों का आयोजन किया जाए। साथ ही, विभिन्न क्षेत्रों में जमीन में मौजूद खनिज पदार्थों का पता लगाने के लिए व्यापक सर्वे करवाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन सेक्टर में भी राजस्थान तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में महल, किले, हवेलियों की भव्यता और गौरवशाली इतिहास को देखने के लिए दुनियाभर से पर्यटक यहां आते हैं।

# 25 साल पुराना मालपुरा दंगा केस : सभी 13 आरोपी बरी

## कोर्ट ने कहा- तीन अधिकारी रहे, लेकिन किसी ने भी मामले की ठीक तरह से जांच नहीं की

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** टोंक के मालपुरा दंगा मामले से जुड़े एक केस में मंगलवार को सांप्रदायिक दंगा मामलों की विशेष अदालत ने सभी 13 आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है। अदालत ने अपने फैसले में पुलिस की जांच पर सवाल खड़े किए। अदालत ने कहा- इस मामले में तीन जांच अधिकारी रहे। किसी ने भी मामले की ठीक तरह से जांच नहीं की। आरोपियों के वकील वीके बाली और सोनल दाधीच ने बताया- इस मामले में सभी गवाहों के बयान विरोधाभासी थे। गवाहों ने कहा- आरोपियों के चेहरे ढके हुए थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने वह हथियार भी बरामद नहीं किया, जिससे हत्या होना बताया गया। हमने कोर्ट से कहा- घटना के समय इलाके में धारा 144 लगी हुई थी। पुलिस ने जो गवाह पेश किए, वो घटना के समय मौजूद नहीं थे। कोर्ट ने भी माना कि पुलिस ने एक आरोपी को छोड़कर किसी की भी शिनाख्त परेड नहीं करवाई। इस मामले में शहजाद ने मालपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि समुदाय विशेष के लोगो ने उसके भाई मोहम्मद सलीम और चाचा मोहम्मद अली की हत्या की है।

### इन्हें बरी किया गया..

मंगलवार को कोर्ट ने रामस्वरूप, छोटू बैरवा, किशनलाल गुर्जर, रत्नलाल, किस्तुरिया, कुबड़िया उर्फ रामकिशोर, सत्या उर्फ सत्यनारायण, सुखपाल गुर्जर, पतराज उर्फ बछराज, किशन गुर्जर, देवनारायण उर्फ देवकरण, श्योजी गुर्जर और हीरालाल को बरी किया।



### 22 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था

आरोपी पक्ष के वकील पुरुषोत्तम बनवाड़ा ने बताया- साल 2000 में मालपुरा में दो संप्रदायों के बीच दंगा हुआ था। इसमें एक पक्ष से हरिराम और कैलाश माली की मौत हो गई थी। दूसरे पक्ष से भी चार लोगों की मौत हुई थी। दोनों पक्षों की ओर से मामले दर्ज कराए गए थे। इसमें कुल 22 आरोपी थे। 7 आरोपी 2016 में ही हाईकोर्ट से बरी हो चुके हैं। एक आरोपी की मौत हो चुकी है। एक आरोपी के नाबालिग होने के कारण उसका मामला जुवेनाइल बोर्ड में चल रहा है। 13 आरोपी बचे थे।

# कैबिनेट मीटिंग में 4 नए सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट्स को मंजूरी

## सरकार 4,594 करोड़ रुपए निवेश करेगी; लखनऊ में मेट्रो के अगले फेज को मंजूरी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें कुल 18,541 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बैठक में 4 नए सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि 6 प्रोजेक्ट्स पहले से ही स्वीकृत हैं और आज 4 नए प्रोजेक्ट्स को मंजूरी मिली है। इसके तहत ओडिशा, आंध्र प्रदेश और पंजाब में प्लांट्स लगाए जाएंगे, जिसके लिए 4,594 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। इससे घरेलू चिप उत्पादन, पैकेजिंग और एडवांस्ड मटेरियल को बढ़ावा मिलेगा, जिससे दो हजार लोगों को नौकरी मिलेगी। वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 11.165 किलोमीटर लंबाई वाली लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के फेज-1बी को मंजूरी दी है। इसके तहत 12 मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे और जिसके लिए 5,801 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। लखनऊ में मेट्रो की बहुत जरूरत है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत स्वच्छ विकास और स्वच्छ ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्ध है। इसलिए अरुणाचल प्रदेश के शि योमी जिले में 8,146 करोड़ रुपए के निवेश के साथ 700 मेगावाट की टाटो द्वितीय हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। इसे पूरा होने में करीब 72 महीने लगेंगे।

# भागवत बोले- भगवान से प्रार्थना है मेरा दिमाग ठीक रहे

## विश्व में बड़ी ताकतों के बावजूद भारत अपनी जगह बना रहा है

बढ़ता राजस्थान

**सीकर (नि.स.)।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा- अगर स्वतंत्रता के बाद का हमारा इतिहास देखें तो उसके आधार पर कोई यह तर्क नहीं कर सकता कि भारतवर्ष उठेगा। लेकिन भारत वर्ष उठ रहा है। विश्व में अपना स्थान बना रहा है। विश्व में बड़ी ताकत है, लेकिन उसके बावजूद भारत अपना स्थान बना रहा है। भागवत ने मंगलवार को सीकर के रैवासा धाम में संत राघवाचार्य की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने 9 दिवसीय सियपिय मिलन समारोह का शुभारंभ करते हुए राघवाचार्य को भी याद किया। इस दौरान संघ प्रमुख ने कहा- भगवान से प्रार्थना है कि मेरा दिमाग ठीक रहे।

### भागवत के भाषण की 3 प्रमुख बातें...

1. **प्रजातंत्र** के मामले में दुनिया से आगे देश... भारत के स्वतंत्र होने के बाद लोगों ने भविष्यवाणी की थी कि यहां प्रजातंत्र चल ही नहीं सकता। आज भारत आश्चर्यकारक रीति से प्रजातांत्रिक देश के नाते प्रजातंत्र के मामले में सारी दुनिया से आगे है।



2. **भक्ति** और शक्ति की भूमि... शक्ति और भक्ति की भूमि पर आज मेरा आना हुआ है। यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। यहां मेरा जिस स्नेह से आपने स्वागत किया है, जो सद्भावना अच्छे शब्दों में प्रकट की है, यह सब देखकर मुझे एक बार फिर मुझे राघवाचार्य महाराज का स्मरण हुआ।
3. **बहुत** संत संघ के कार्यक्रमों में नहीं आए, लेकिन स्वयंसेवक हैं... मेरा तो सरसंघ चालक बनने के बाद उनसे संबंध हुआ था। उनसे पहली भेंट में मेरे ध्यान में दो बात आई थी- उनके मन में सबके लिए स्नेह था और सबको आत्मीय भाव से देखते थे।


# बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# सुप्रीम कोर्ट बोला-सजा पूरी कर चुके कैदी तुरंत रिहा करें

## उन्हें जेल में रखना गलत; नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी की रिहाई का आदेश दिया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चिंता जताई कि कई कैदी अपनी सजा पूरी करने के बाद भी जेल में बंद हैं। कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि ऐसे सभी कैदियों को तुरंत रिहा किया जाए, जो अपनी सजा पूरी कर चुके हैं और किसी अन्य मामले में दोषी नहीं हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी सुखदेव यादव उर्फ पहलवान की रिहाई का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि यादव ने मार्च 2024 में 20 साल की सजा पूरी कर ली थी, इसलिए उन्हें उसी समय रिहा कर देना चाहिए था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस आदेश की कॉपी सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के गृह सचिवों को भेजी जाए, ताकि पता लगाया जा सके कि कहीं कोई कैदी अपनी सजा की अवधि से ज्यादा समय से जेल में तो नहीं है।



### कोर्ट ने 29 जुलाई को रिहाई का आदेश दिया था

**कोर्ट ने 29 जुलाई को सुखदेव पहलवान की रिहाई का आदेश दिया था। लेकिन सजा समीक्षा बोर्ड ने उसके आचरण का हवाला देते हुए उसकी रिहाई पर रोक लगा दी थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने हैरानी जतायी और कहा कि एक अदालत द्वारा पारित आदेश को एसआरबी कैसे नजरअंदाज कर सकता है?**

**कोर्ट ने कहा कि यादव को 20 साल की सजा पूरी होने के बाद रिहा किया जाना चाहिए था। तब दिल्ली सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अर्चना पाठक दवे ने दलील दी थी कि 20 साल की सजा के बाद स्वत: रिहाई नहीं हो सकती और आजीवन कारावास का अर्थ है, शेष प्राकृतिक जीवन तक जेल में रहना।**

**यादव के वकील ने कहा- यादव ने 9 मार्च को सजा पूरी कर ली थी-** हालांकि, यादव की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ मृदुल ने दलील दी थी कि उनके मुवक्किल यादव ने 9 मार्च, 2025 को सजा पूरी कर ली है। उन्होंने यादव को 9 मार्च से आगे हिरासत में रखने के किसी भी वैध कारण से इनकार किया और कहा कि दिल्ली सरकार सजा की गलत व्याख्या कर रही है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय मो.नं. 9414823448 प्रधान कार्यालय :185/116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.) फोन नं.0141-2796794,2796795,
E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)